


दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 | अंक : 56 | ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, गुरुवार 20 मार्च, 2025 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | ■ मूल्य : 1.5 रुपए | ■ पृष्ठ : 8+2


## न्यूज इनबॉक्स

### खनौरी-शंभू में किसानों का टेंट उखाड़ा, डल्लेवाल और पंधेर पुलिस हिरासत में

जयपुर टाइम्स

चंडीगढ़(निस)। केंद्र सरकार और किसान संगठनों की बुधवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक बेनतीजा रही। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग पर सहमति नहीं बन पाई। वहीं, बैठक खत्म होने के बाद खनौरी व शंभू बॉर्डर लौट रहे किसान नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर व अन्य किसान नेताओं को पंजाब पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं, पुलिस ने खनौरी व शंभू बॉर्डर पर किसानों का मंच व टेंट भी उखाड़ दिया है। इस दौरान किसानों व पुलिस के बीच हाथापाई भी हुई, जिमसें कुछ किसान नेताओं की पगड़ियां उतर गई। सरकार ने बॉर्डर पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। सरकार की कार्रवाई के बाद किसानों में काफी रोष है। प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर किसान सड़कों पर उतर आए हैं। विपक्ष समेत सभी किसान नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया है।

इससे पहले बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) व किसान मजदूर मोर्चा का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान, केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी, केंद्रीय



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री हरपाल चीमा और गुरमीत सिंह खुड्डियां शामिल हुए। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि एमएसपी की गारंटी लागू करने से समस्या हो सकती है, जिसके चलते इस पर सभी हितधारकों से सुझाव लेने की जरूरत है। किसानों ने केंद्र को एमएसपी की गारंटी को लेकर रिपोर्ट दी थी कि किस तरह इसे लागू किया जा सकता है। इस रिपोर्ट पर अब केंद्र सरकार देश भर में सभी हितधारकों की सुझाव लेगी। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि केंद्र का तर्क सही नहीं है। एमएसपी लागू होने से कोई समस्या नहीं होगी, बल्कि इससे सभी का फायदा होगा। केंद्र सरकार ने समय मांगा है, इसलिए अब डेढ़ महीने बाद दोबारा 4 मई को बैठक करेंगे। हालांकि, किसान नेताओं को हिरासत में लेने के बाद अब इस बैठक पर संशय है।

### घूस लेते खाकी का कन्हैया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। एसीबी टीम ने बुधवार को प्रताप नगर थाने के कांस्टेबल कन्हैया मीणा को



रिश्वत लेते रंगे हाथ गरिफ्तार कर लयिा। परिवादी ने एसीबी में शिकायत कर बताया था कि कॉन्स्टेबल 10 हजार रुपए मांग रहा है। धमकी देकर कह रहा है कि 4 घंटे का रास्ता उठाकर ले जाऊंगा। इससे परेशान होकर वह एसीबी पहुंचा और शिकायत दी।

#### एसीबी से की थी शिकायत

एसीबी के एडशिनल एसपी भूपेंद्र ने मीडयि को बताया कि परिवादी ने एसीबी से शिकायत की थी। बताया क‍ि प्रताप नगर थाने का कॉन्स्टेबल कन्हैया लाल बार-बार फोन करके धमकी देकर 10 हजार रुपए की डमिांड कर रहा है. शकियतकर्ता ने OLX से एक कैमरा खरीदा था।

# राजस्थान दिवस पर किसानों व वंचित वर्ग को भजनलाल सरकार देगी सौगात

## किसान कल्याण और गरीब का उत्थान हमारी प्राथमिकता : सीएम



जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आगामी राजस्थान दिवस (30 मार्च, 2025, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले वृहद् कार्यक्रमों में प्रदेश के किसान व वंचित वर्ग को राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण योजनाओं को सुशासन के जरिए धरातल पर उतार रही है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान वर्ग का कल्याण हो रहा सुनिश्चित

शर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश का किसान वर्ग लाभान्वित हो रहा है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत प्रदेश के अन्नदाता को और अधिक सशक्त बनाने के लिए किसान उत्पादक संगठनों के 3 दिवसीय मेले व प्रदर्शनी का आयोजन 28 मार्च से 30 मार्च के मध्य किया जाएगा। यह आयोजन एफपीओ के लिए बाजार सम्पर्क, ब्रांड निर्माण, बिक्री संवर्धन और क्षमता विकास को मजबूत बनाने और एफपीओ को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के लिए एक बाजार भी प्रदान करेगा। साथ ही, किसान कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान हस्तांतरण किया जाएगा।

### जरूरतमंद व्यक्ति विभिन्न योजनाओं से होगा लाभान्वित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गांव-ढाणी के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति के उत्थान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण, निर्माण श्रमिकों को राशि हस्तांतरण, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, डेयरी बूथ आवंटन, विद्युत चलित चाक का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे।

### रोजगार उत्सव में युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

शर्मा ने कहा कि राजस्थान के युवाओं के सरकारी नौकरियों में रोजगार के सपने को साकार करते हुए रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला मुख्यालयों पर रोजगार मेला भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कील नीति व युवा नीति भी लायी जाएगी, जिससे युवाओं के सपने साकार हो सकेंगे। सभी जिला मुख्यालयों पर 'रन फॉर फिट राजस्थान' का आयोजन होगा।

### विभिन्न योजनाओं के लाभ से महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से अहम निर्णय ले रही है। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में महिला वर्ग को भी विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत डीबीटी की जाएगी तथा महिला समूह को सी.आई.एफ राशि का हस्तांतरण भी किया जाएगा। साथ ही, विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत राशि हस्तांतरण व कालीबाई भील योजना के अंतर्गत स्कूटी वितरण किया जाएगा।

### अधिस्वीकृत पत्रकारों को हर माह 15 हजार रुपए देगी भजनलाल सरकार

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भजनलाल सरकार ने प्रदेश के पत्रकारों के सम्मान के लिए नई पहल की है। सरकार ने राज्य के वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 'राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना शुरू की है। इसके तहत पात्र पत्रकारों को सम्मान निधि प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सूचना व जनसम्पर्क विभाग की अनुशंसा के बाद इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

#### प्रत्येक पात्र पत्रकार को मिलेंगे 15 हजार रुपये प्रति माहः

राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र पत्रकारों को प्रति माह 15,000 रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी।



### सैटेलाइट आधारित टोल के लिए करना होगा इंतजार, गडकरी ने बताई देरी की वजह

एजेंसी

नई दिल्ली। हाईवे पर सैटेलाइट आधारित टोल प्रणाली के लिए अभी इंतजार करना होगा। इससे संबंधित नीति बनाने के लिए बनी समिति ने सुरक्षा और निजता की चिंताओं के कारण और अधिक विचार-विमर्श की जरूरत जताई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि सैटेलाइट आधारित टोल के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉगनिशन (एएनपीआर) फास्टैग सिस्टम पर काम किया जा रहा है। यह प्रणाली कारिडोर (खंड) परियोजनाओं पर काम करेगी। उद्योग और अकादमिक जगत के विशेषज्ञों वाली समिति ने लोगों की सुरक्षा और निजता के उल्लंघन तथा समग्र रूप से इस प्रणाली के संचालन को लेकर कुछ चिंताओं पर गौर किया है। उनकी सिफारिश है कि इस पर और अधिक विचार-विमर्श किया जाए और इसके बाद नीति को अंतिम रूप दिया जाए।

#### क्यों हो रही देरी?

नितिन गडकरी ने कहा कि अभी सैटेलाइट आधारित जो नेविगेशन है, उसके साथ ही कुछ अतिरिक्त सैटेलाइट संपर्क की जरूरत होगी। इसके साथ ही उचित रिसीवर का विकास भी एक बड़ा मसला है। इसके बिना अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। गडकरी ने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर-2) और द्वारका एक्सप्रेस में चार फी प्लाजा में बैरियर मुक्त टोल संग्रह के लिए टेंडर जारी किया गया है। इसके अनुभव के आधार पर अन्य फी प्लाजा में इसे चरणबद्द तरीके से लागू किया जा सकता है।

#### NHAI ने दुनिया से मांगा प्रस्ताव

एनएचएआई पहले ही इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए पूरी दुनिया से प्रस्ताव मांग चुका है। एक बार यह प्रणाली लागू हो गई तो हाईवे पर टोल प्लाजा खत्म हो जाएंगे। यह प्रणाली लोगों को काफी राहत देगी, क्योंकि लोगों को उतना ही टोल देना होगा जितना वे किसी हाईवे अथवा एक्सप्रेस वे का इस्तेमाल करेंगे।

#### नई प्रणाली से आर्थिक रूप से लाभकारी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि नई प्रणाली लोगों को आर्थिक रूप से काफी लाभ देगी। मंत्रालय नई टोल प्रणाली में मासिक, वार्षिक और 15 वर्षों के लिए पास भी जारी करने की योजना बना रहा है। अभी इसकी दरें तय नहीं की गई हैं। गडकरी ने कहा कि टोल लिया जाना जरूरी है, क्योंकि सड़क निर्माण में काफी पैसा लगता है। जब आप अच्छी सड़कें चाहते हैं तो आपको इसकी कुछ कीमत भी देनी होती है।

## कोचिंग सेंटर बिल विधानसभा में पेश, 5 घंटे की क्लास, देनी होगी फीस डिटेल

### नियम तोड़ा तो 2 लाख का जुर्माना

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। भजनलाल सरकार ने राज्य में कोचिंग सेंटरों को नियमित करने और उनकी जवाबदेही तय करने के लिए बिल राजस्थान विधानसभा में पेश किया है। राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण व विनियमन विधेयक 2025 सदन के पटल पर रखा गया। उच्च शिक्षा मंत्री और डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण व विनियमन विधेयक 2025 सदन में पेश किया। 21 मार्च को इस बिल पर चर्चा होगी।

इस बिल के जरिए कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण, संचालन, फीस, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, करियर काउंसलिंग, शिकायत निवारण प्रक्रिया और भ्रामक विज्ञापन जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सख्त नियम लागू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस बिल में इस बात का प्रावधान किया गया है कि कोचिंग संस्थानों में बैच और कक्षा का आकार सीमित रहेगा। प्रत्येक बैच में छात्रों की संख्या प्रॉस्पेक्टस में स्पष्ट रूप से दर्ज करनी होगी और इसे कोचिंग की वेबसाइट पर प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। एक बार बैच शुरू होने के बाद, उसमें और नामांकन नहीं जोड़े जा सकेंगे।

#### प्रॉस्पेक्टस में डालना होंगी जानकारी

कक्षा में छात्र-शिक्षक अनुपात उचित स्तर पर बनाए रखा जाएगा ताकि छात्रों को सीखने में कोई बाधा न हो। छात्रों को नामांकन से पहले पाठ्यक्रम की कठिनाई, सिलेबस, आवश्यक तैयारी और परीक्षा पैटर्न के बारे में स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। छात्रों को यह समझाया जाएगा कि विद्यालय की परीक्षाएं और प्रतियोगी परीक्षाएं किस तरह अलग होती हैं। कोचिंग संस्थान कोर्स के विवरण, फीस, कक्षाओं की संख्या, छात्रावास सुविधाओं, फूड सर्विस और फीस रिफंड पॉलिसी की जानकारी एक प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से जारी करेंगे।

करियर काउंसलिंग और अभिभावकों के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा अन्य करियर विकल्पों की भी जानकारी दी जाएगी ताकि वे सही चुनाव कर सकें। अभिभावकों को एक ÷एप्टीट्यूड टेस्ट÷ का विकल्प दिया जाएगा ताकि वे अपने बच्चों की क्षमता को बेहतर समझकर निर्णय ले सकें। कोचिंग मालिकों को डर है कि इस बिल के बाद शहर की अर्थव्यवस्था और बदहाल होगी परामर्श और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध करानी होगी।

कोचिंग सेंटर मानसिक तनाव को लेकर जागरूकता फैलाएंगे, ताकि छात्र अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और दबाव से बच सकें। कोचिंग सेंटरों को छात्रों को मानसिक तनाव से बचाने के लिए परामर्श और मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध करानी होगी। प्रत्येक कोचिंग संस्थान को एक काउंसलिंग सिस्टम विकसित करना होगा, जिससे छात्र और अभिभावक आसानी से मदद ले सकें। जिला समिति यह सुनिश्चित करेगी कि प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक और काउंसलर उपलब्ध हों, जिनके संपर्क नंबर छात्रों को दिए जाएंगे।

अत्यधिक तनाव में आने वाले छात्रों के लिए तत्काल सहायता प्रणाली विकसित करनी होगी। कोचिंग सेंटर यह सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों को शिक्षक से सीधे संवाद करने का अवसर मिले।

शंका समाधान उन्हीं ट्यूटरों की ओर से किया जाएगा, जिन्होंने कक्षा में पढ़ाया हो, ताकि छात्र संतुष्ट महसूस करें। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग बैच नहीं बनाए जाएंगे, जिससे कोई छात्र भेदभाव महसूस न करे।सभी कोर्स के लिए फीस उचित और युक्तिसंगत होनी चाहिए। फीस को लेकर स्पष्टता के लिए हर कोचिंग सेंटर को रसीद जारी करनी होगी। कोचिंग संस्थान अपनी फीस संरचना को सार्वजनिक रूप से घोषित करेंगे ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। यदि कोई छात्र कोर्स की पूरी फीस जमा करने के बाद बीच में ही पढ़ाई छोड़ देता है, तो उसे बाकी अवधि की फीस वापस करनी होगी। यह राशि 10 दिनों के भीतर आनुपातिक आधार पर वापस करनी होगी। जिला समिति या सरकार की ओर से नियुक्त अधिकारी नियमित रूप से कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करेंगे। यह देखा जाएगा कि कोचिंग संस्थान सभी नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

#### शिकायत के लिए बनेगी जिला समिति

छात्र, अभिभावक, शिक्षक या कोचिंग सेंटर के कर्मचारी किसी भी अनियमितता की शिकायत सीधे जिला समिति से कर सकते हैं। जिला समिति को 30 दिनों के भीतर शिकायत पर फैसला लेना होगा। पहली बार नियमों के उल्लंघन पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी बार गलती करने पर 5 लाख रुपये तक का दंड होगा। बार-बार उल्लंघन करने वाले कोचिंग संस्थान का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा। यदि कोचिंग सेंटर जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं करता, तो यह भू-राजस्व बकाया के रूप में वसूल की जाएगी। वहीं कोचिंग संस्थान अपने विज्ञापनों में झूठे और भ्रामक दावे नहीं कर सकते। किसी परीक्षा में सफल छात्रों के नतीजों को लेकर अतिशयोक्ति नहीं दिखाई जा सकती। राज्य सरकार कोचिंग सेंटरों के कामकाज को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकती है। यदि कोई संस्थान नियमों का उल्लंघन करता है, तो सरकार उसे अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत नोटिस जारी कर सकती है।

## अवैध बजरी खनन पर विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस का वॉकआउट

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। विधानसभा में बुधवार को अवैध बजरी खनन का मुद्दा गरमाया, जिसके चलते सदन में जमकर हंगामा हुआ।

प्रदेश में अवैध बजरी खनन का मामला हाल ही में राजस्थान हाईकोर्ट में भी उठा था। दो दिन पहले, कोर्ट ने सरकार को इस मुद्दे पर कड़ी फटकार लगाते हुए सीबीआई जांच की सिफारिश की और केंद्रीय बलों की मदद लेने का सुझाव दिया। इसी को लेकर बुधवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्थगन प्रस्ताव रखा, जिसे स्पीकर ने नामंजूर कर दिया। हालांकि, जूली को इस विषय पर अपनी बात रखने की अनुमति दी गई।

#### टीकाराम जूली ने लगाए गंभीर आरोपः

टीकाराम जूली ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में हर दिन 1 करोड़ रुपये का अवैध बजरी खनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के 20 से अधिक विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन का मुद्दा उठा चुके हैं। जूली ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के विधानसभा क्षेत्रों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां 433 खनन पट्टे जारी किए गए हैं, इसके बावजूद 322 अवैध खनन के मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने सरकार से इस पर जवाब देने की मांग की।

#### हंगामे के बीच कांग्रेस का वॉकआउटः

जब सरकार की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिला, तो टीकाराम जूली और कांग्रेस विधायकों ने विरोध जताते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। सदन में पहले से ही कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच तीखी बहस हो रही थी, जिसे देखते हुए स्पीकर ने जूली को बैठने के लिए कहा। लेकिन जब कांग्रेस विधायकों को सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो उन्होंने सदन से बाहर जाने का फैसला किया।

#### भाजपा सरकार का पलटवारः

कांग्रेस के वॉकआउट के बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे बिना किसी ठोस आधार के सदन से बाहर चले गए। जोगाराम पटेल ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में भी अवैध बजरी खनन जोरों पर था और पुलिसकर्मियों पर हमले की घटनाएं आम थीं।

प्रदेश में अवैध बजरी खनन से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान 17 मार्च को हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए बजरी चोरी, अवैध खनन और परिवहन से जुड़े माफियाओं के कारण पुलिसकर्मियों की मौत पर गंभीर चिंता जताई।

हाईकोर्ट ने कहा कि सरकार इस समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा कि वह चाहे तो सीआरपीएफ या किसी अन्य एजेंसी की मदद लेकर इन मामलों की जांच कर सकती है।

कितने मामलों की जांच करनी है, यह सीबीआई स्वयं तय करेगी। साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार की एजेंसियों को सीबीआई को पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने सीबीआई से कहा कि जांच से संबंधित रिपोर्ट की एक प्रति राज्य सरकार को भी उपलब्ध कराई जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि अवैध बजरी खनन और खनन माफियाओं के कारण पुलिसकर्मियों की मौत के मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह इस संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट 2 अप्रैल तक अदालत में पेश करे।





## भारतीय स्टेट बैंक की कृषि उपज मंडी बहरोड़ की नई शाखा का उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। बहरोड़ मे भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा कृषि उपज मंडी बहरोड का उदघाटन उपमहाप्रबंधक राजेश कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। इस शाखा के खुलने से अब जनता को अलवर रोड बहरोड में भी बैंक की सुविधाए प्राप्त होगी। इस शाखा के खुलने से अब बहरोड मे बैंक की तीन शाखा हो गई है। उदघाटन के अवसर पर सहायक महाप्रबंधक संजय परिहार मुख्यप्रबंधक राकेश ताम्बी, आनद मीना राहुल शर्मा प्रबन्धक अनुराग कुमार, विकास कुमार, रविंदर सिंह, शाखा प्रबन्धक सपना बाई व सहायक नरेंदर कुमार उपस्थित थे। यह जानकारी नारायण साईवाल ने दी।

## युवक -युवती परिचय व वृद्धजन सम्मान समारोह 25 मई को

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। सर्ववर्गीय जायसवाल समाज जयपुर ( कलचुरी वंश के वर्गो ) सुहालका पारेता, जायसवाल, सोमवंशी, मेवाडा, टांक, अहलुवालिया, वालिया, चौधरी, राय, शिवहरे, चौकसे, पुबिया, श्रीमाल आदि का युवक-युवती परिचय सम्मेलन व वृद्धजन सम्मान समारोह 25 मई को जयपुर में आयोजित किया जायेगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन मे बायोडाटा जमा कराने की अन्तिम तिथी 30 अप्रेल रखी गई है। विवाह योग्य युवक युवती के बायोडेटा फार्म जमा कराने के लिए निम्न से सम्पर्क कर सकते है। ललित जायसवाल 9529077235, कंचन हाड़ा 9509502986, निधि सुहालका 9929005444

## 20 व 21 मार्च को जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित सेवाएं रहेंगी बंद

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक प्रियंका माथुर ने बताया कि मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव के निर्देशानुसार पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेन्टर (बीएसडीसी) पर 20 व 21 मार्च 2025 तक माइग्रेट किये जाने के कारण जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त सेवाएं इन दो दिवसों में पूर्णतया बंद रहेगी।

इसी प्रकार नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि पहचान पोर्टल को भामाशाह स्टेट डाटा सेन्टर पर माइग्रेट किये जाने के कारण नगर निगम व जिले की नगरीय निकाय क्षेत्रों में 20 व 21 मार्च को जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित समस्त सेवाएं बंद रहेगी। इस दौरान जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जायेंगे।

## यूआईटी ने कार्रवाई करते हुए करीब 25 बीधा कृषि भूमि से हटाई अवैध प्लॉटिंग

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा बुधवार को न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू-संपरिवर्तन के करीब 25 बीधा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई।

नगर विकास न्यास की सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा ग्राम केसरपुर जयसमंद बांध के पास खटाना सिंह, भोपाल सिंह,



रूप सिंह डेरा व हीरालाल गुर्जर द्वारा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस दौरान मौका मजिस्ट्रेट तहसीलदार अलवर, न्यास अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, क्षेत्रीय सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता मय पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## भिवाड़ी में विशेष सफाई अभियान के दौरान 510 टन कचरा उठाया, आधुनिक प्लांट की होगी स्थापना

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। नगर परिषद भिवाड़ी द्वारा 28 जनवरी से 3 मार्च तक चलाए गए विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत 510 टन कचरा उठाया गया। अभियान का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा किया गया। अभियान के तहत चार टास्क फोर्स टीमों ने शहर के 60 वार्डों एवं प्रमुख सड़कों की सफाई सुनिश्चित की।

शहर में स्वच्छता को लेकर अभियान में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए जिसके तहत 45 नए डस्टबिन मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में स्थापित किए गए, जिससे सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनी रहे। इंटेग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत वैज्ञानिक निस्तारण की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आगामी समय में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत भिवाड़ी में 150 टन प्रतिदिन की क्षमता वाले कचरा प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वेस्ट-टू-एनर्जी एवं वेस्ट-टू-कॉम्पोस्ट मॉडल के तहत कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही, एक कॉमन बायो-ष्ट्हल्र प्लांट की स्थापना की जाएगी, जिससे कचरे से बायोगैस का उत्पादन कर उसका उपयोग किया जा सकेगा। ऑटो-टिप्परों का संचालन 2-3 बार प्रतिदिन किया जाएगा, और टिपरों की ट्रिप संख्या बढ़ाकर रात्रिकालीन कचरा संग्रहण की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी से और प्रभावी बनाने के लिए आमजन को भी कचरा प्रबंधन में सहयोग करने की अपील की गई है।

# आदर्श सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, अलवर का भ्रमण, दी विशेष योग्यजन एवं मूकबधिर बच्चों की सेवाओं के संबंध में जानकारी

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर के सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहन लाल सोनी के द्वारा आदर्श सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, अलवर का भ्रमण किया गया।

मोहन लाल सोनी, सचिव व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा बच्चों के संरक्षण एव उन्हें विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए बनायी गई योजना नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2015 एवं 2024 के तहत आदर्श सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, अलवर में विशेष योग्यजन एवं मुकबधिर बच्चों सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

मौके पर कुल 23 विशेषयोग्यजन बच्चें मौके पर उपस्थित मिले। फाउंडेशन का संचालन पायल प्रधान द्वारा किया जा रहा है जिनके द्वारा बताया गया कि समाज में रहने वाले विशेषयोग्यजन बालक जो मानसिक रूप से कमजोर है असहाय, तथा बेसहारा है, ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा के साथ जोडने एवं शिक्षा प्रदान करने एवं बच्चों को सामान्य ज्ञान के आधारभूत शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधिया भी सीखाई जाती हैं। सचिव सोनी द्वारा बच्चों को सीखाई जा रही अंग्रेजी कविता, गणित और विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया आर्ट एंड क्राफ्ट के तहत बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां, पेन्टिगंस आदि का भी अवलोकन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवक ललित बेनीवाल, जेपी मीणा,




सेवानिवृत्त अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित रहें तथा उनके द्वारा भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया है। श्रीमति पायल प्रधान द्वारा बताया गया उनके संचालित विशेष स्कूल में मनमोहन, ललिता, शिवानी तथा कमला देवी द्वारा स्वेच्छिक रूप से सेवा प्रदान की जा रही हैं।



## केन्द्रीय वन मंत्री यादव के पिताश्री को अनेक जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि

अलवर(नि.सं.)। केंद्रीय वन मंत्री व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के पिता स्वर्गीय कदम सिंह के निधन पर मंगलवार को अनेक जनप्रतिनिधियों ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पैतृक गांव हरियाणा के जमालपुर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने स्वर्गीय यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रेलवे में स्टेशन अधीक्षक पद पर रहकर लंबे समय तक उन्होंने रेलवे विभाग में अपनी बेहतर सेवाएं दी हैं। वे अपने समय के अच्छे खिलाड़ी भी रहे।



# आखिर ऐसे में बिजली कैसे बचाई जाएगी!

### नगर निगम में देखकर भी है अनदेखी

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। बिजली बचाओ लेकिन कैसे! लेकिन यहां तो पूरे-पूरे दिन बिजली चलती है। जहां तेज सूरज की रोशनी में भी जब बिजली यानि लाइट जले तो इसे सरकार की उपलब्धि कहेंगे या फिर लापरवाही। जी हां शहर में अनेक जगहों पर सार्वजनिक क्षेत्रों हो या फिर सरकारी सड़क (रोड ) जहां हर दिन पोल पर दिन में भी बिजली जलती दिखाई देती है, जबकि रात को लाइट गुल रहती है। जहां जब उजाले की जरूरत हो तब तो अंधेरा रहता है ओर जब बिजली बन्द रहनी चाहिए उस दौरान रोड लाइटें जलती देखी जा सकती हैं, जबकि भारत व राजस्थान सरकार बिजली बचाने के लिए अनेक प्रयत्न करती है लेकिन यह तो अलवर है, जहां कुछ भी संभव है।शहर के अनेक ऐसी जगह है जहां रात को बिजली जलना जरूरी होता है लेकिन वहां तो अंधेरा (सन्नाटा) छाया रहता है। इस अंधेरे में जहां अपराधों को बढ़ावा मिलता हैं। ओर दुर्घटना की भी संभावना अधिक रहती है लेकिन यह स्थिति को अलवर जिले में नगर निगम अलवर के अधिकारी व कर्मचारी अपनी आंखे बन्द किए रहते हैं। फोन भी किए जाते हैं आमजन द्वारा लेकिन नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी फोन द्वारा की जाने वाली शिकायत पर ध्यान नहीं देते ऐसे में जहां बिजली बचाने की कौशिश होनी चाहिए वहां बिजली की खपत अधिक हो जाती है। इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। किसानों को खेतों में मिलने वाली बिजली एक निर्धारित समय पर मिलती है वह भी बहुत कम मात्रा में लेकिन आम रास्तों पर (रोड) लाइट



दिनभर जलती है। ऐसा नहीं है कि नगर निगम के अधिकारियों को पता नहीं है परन्तु वे देखकर भी अनदेखी में रहते हैं। अब देखना है कि इस समाचार पर कितना ध्यान देगा नगर निगम अलवर। उधर, जब नगर निगम के आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका से बात की तो उन्होंने बताया कि वैसे तो पूरी तरहा ध्यान दिया जाता है कि ऐसा ना हो कि दिन में बिजली जले। जहां शिकायत मिलती है तो उसका तत्काल समस्या का निराकरण कराया जाता है लेकिन फिर भी कहीं दिन में भी बिजली जलती है तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निगम ग्रेटर द्वारा निगम मुख्यालय पर लगाया जा रहा है मेगा कैंप

जयपुर टाइम्स

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर जयपुर के क्षेत्राधिकार में स्थित संपत्तिधारकों से बकाया नगरीय विकास कर की वसूली उनकी आपत्तियों का तत्परता से निराकरण कर बकाया राशि जमा करने हेतु नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर 18 मार्च से मेगा कैंप आयोजित किया जा रहा हैं तीन दिवसीय यह मेगा कैंप 20 मार्च तक प्रातः 10:00 से सायं 7:00 बजे तक निगम मुख्यालय पर लगाया जाएगा।

बुधवार को आयोजित कैंप में कुल 60 सम्पत्तिधारकों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत की गई। जिनका निगम राजस्व टीम द्वारा दस्तावेजों के आधार पर संशोधन किया गया। बुधवार को नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 1 करोड़ 10 लाख रूपये नगरीय विकास कर के वसूल किये गये। इन मेगा कैंप में समस्त जोन क्षेत्राधिकार की संपत्तिधारकों द्वारा अपनी भूखण्ड से संबंधित नगरीय विकास कर बिलों के संबंध में नाम व पता, क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, उपयोग एवं डीएलसी दर संबंधी आपत्तियां प्रस्तुत की गई जिसमें उपायुक्त राजस्व (प्रथम )मुख्यालय एवं समस्त जोन राजस्व टीम द्वारा उनकी आपत्तियों का त्वरित निस्तारण करते हुए संपत्तिधारकों को संशोधित बिल जारी किए गए। उपायुक्त राजस्व ( प्रथम) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी रियाड के निर्देशानुसार मेगा कैंप दिनांक 20 मार्च को भी यथावत सभी जोनों के कैंप निगम मुख्यालय में आयोजित किए जाएंगे जिसमें संपत्तिधारक की आपत्तियों का निस्तारण कर उन्हें संशोधित बिल जारी कर बकाया नगरीय विकास कर की राशि वसूल की जाएगी इसलिए उक्त कैंप में अधिक से अधिक संपत्ति धारक संपत्ति के आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी आपत्तियों का निस्तारण करवा सकते हैं।

## राजस्थान विधानसभा में अवैध खनन रार, नेता प्रतिपक्ष जूली बोले - कुंभकर्णी नींद में सो रही प्रदेश सरकार

जयपुर टाइम्स

अलवर/जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में अवैध खनन चरम पर है, लेकिन सरकार आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने अवैध खनन को लेकर सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाए और कहा कि प्रदेश में खनन माफिया बेखौफ हो चुके हैं। जब सरकार की ओर से तुरंत जवाब नहीं मिला तो कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि यह सरकार कुंभकर्णी नींद में सो रही है, अवैध खनन पर खुद उसके मंत्री ही सवाल उठा रहे हैं, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

जूली ने मंत्री अविनाश गहलोत पर कसा तंज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार सीबीआई का सहयोग नहीं कर रही। जूली बोले कि हाईकोर्ट तक को कहना पड़ा कि राजस्थान पुलिस सहयोग नहीं कर रही तो सीआरपीएफ की मदद लीजिए, इससे बड़ा और




क्या उदाहरण होगा। वहीं, मंत्री अविनाश गहलोत के एक बयान पर सवाल उठाते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के एक मंत्री डीएसपी को कह रहे हैं कि अवैध खनन करने वालों को मत पकड़ो। यह साफ दर्शाता है कि सरकार ही खनन माफिया को संरक्षण दे रही है। इस दौरान जूली ने सीएम भजनलाल और गृह राज्यमंत्री पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और गृह राज्य मंत्री के क्षेत्र में भी अवैध खनन जोरों पर है। भरतपुर और डीग में खनन के 413 पट्टे हैं, लेकिन दो साल में 322 अवैध खनन के मामले दर्ज हुए हैं।

राजस्थान भूजल संरक्षण और प्रबंधन प्राधिकरण विधेयक पर जूली बोले पानी के अंदर प्रदूषण भी फैल रहा है। सतही जल की गहराई और नीचे जा रही है प्रदेश की हालत खराब है लेकिन जिस मंशा के तहत इस बिल को लाया गया वह गलत है।जूली बोले कि जितनी आवश्यकता है उससे ज्यादा राजस्थान में बारिश होती है लेकिन पानी का संचय नहीं होता, संचय नहीं होने की वजह से हालात बिगड़ते हैं, यह बिल जनता के साथ खिलवाड़ करने वाला बिल है। इसको जनमत जानने के लिए भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिल में जो प्रावधान किए गए,ऐसा कानून पहले भी था बोरिंग पर प्रतिबंध था लेकिन फिर इसमें नये प्रावधान कर दिए। उन्होंने कहा कि आमतौर हेड पंप पर लोग पानी लेते हैं लेकिन अब आपने हैंडपंप पर रोक लगा दी तो आम आदमी क्या करेगा? यह तानाशाही है।

## 8 घंटे में 115 किलोमीटर दूरी तय कर शीतला माता के चढ़ाई कावड़

जयपुर टाइम्स

पावटा (नि.सं.)। कस्बे के निकटवर्ती बिलाली माता के होने वाले वार्षिक मेले कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं के द्वारा डाक कावड़ चढ़ाई गई। इस दौरान सेवा शांति मित्र मंडल बिलाली के द्वारा कदम कुंड छापोली धाम झुंझुनू से बुधवार को सुबह 9ः15 बजे डाक कांवडीया रवाना हुए, जो की मुख्य मार्ग से गुजरते हुए शाहपुरा पावटा प्रागपुरा होते हुए बिलाली माता के मंदिर परिसर पहुंचे वहीं युवा नेता मुकेश गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डाक कावडियो के द्वारा छठी कावड़ चढ़ाई गई। जहां डाक कावडियो में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह स्वागत सम्मान किया गया। वहीं कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत करीब 8 घंटे में 115 किलोमीटर की दूरी तय कर बुधवार के शाम समाज 5ः15 बजे माताजी के कावड़ चढ़ाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जगह-जगह डाक कावड़ियों का स्वागत सम्मान किया।वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।मेला कमेटी के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का आयोजन बुधवार की रात्रि 12-00 बजे से होगा जो की गुरुवार को शाम तक चलेगा। जिसमें आसपास सहित पूरे देश भर से लोग पहुंचेंगे।इस दौरान मुकेश गुर्जर, जयसिंह, सुनील सैनी ,सोनू सैनी ,गोकुल, सुरेश सैनी ,ओम प्रकाश सहित अनेकों डाक कावडियो ने माताजी के कावड़ चढ़ाकर अमन चैन की कामना की है।



# सहकारिता मंत्री ने सरसों-चना खरीद की तैयारियों की समीक्षा, किसानों को नहीं होगी असुविधा

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरसों-चना खरीद की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को खरीद केंद्रों पर किसी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो।

मंत्री ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुसार प्रदेश में अतिरिक्त खरीद केंद्र खोले जाएं। साथ ही, किसी अधिकारी को एक से अधिक खरीद केंद्र का चार्ज नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टेंट, छाया, पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं और खरीद केंद्रों पर दलालों की कोई भूमिका न हो।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि बाजार भाव से अधिक एमएसपी होने के कारण बड़ी संख्या में किसान उपज बेचने आएंगे, इसलिए सभी तैयारियां समय से पूरी की जाएं। सहकारी समितियों से 25 मार्च तक बैठक कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

सहकारिता विभाग की प्रमुख सचिव मंजू राजपाल ने 10 अप्रैल से खरीद शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में राजफेड के एमडी टीकमचंद बोहरा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।






## एल.एन.एम.आई.आई.टी. का 18वां दीक्षांत समारोह 22 मार्च को होगा आयोजित

जयपुर टाइम्स

कानोता (का.सं.)। एल.एन.एम. सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एल.एन.एम.आई.आई.टी.) 22 मार्च 2025 को अपना 18वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है।संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राहुल बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस वर्ष कुल 538 छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी, जिनमें 508 बी.टेक.,15 बी.टेक.-एम. टेक इंटीग्रेटेड,3 एम.टेक,5 एम.एस.सी. और 7 पी.एच.डी.शोधार्थी शामिल हैं।इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विभाग (डी.एस.टी.) के सचिव,डॉ.वी.नारायणन,समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।समारोह में बी.टेक. के रैंक धारक छात्रों को सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक भी प्रदान करेंगे। प्रो.बनर्जी ने संस्थान की सतत प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारे छात्र और शोधार्थी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं जो संस्थान की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।इस अवसर पर संस्थान के कुलसचिव,डॉ. पवन कुमार पारस, सभी विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

## दो उम्मीदवारों ने लिया नाम वापस,रोहिताश सैनी का निर्विरोध अध्यक्ष बनना हुआ तय

जयपुर टाइम्स

विराटनगर (नि.सं.)। कस्बे के प्रणवानंद आश्रम में सैनी समाज विकास संस्थान विराटनगर के अध्यक्षीय निर्वाचन में नाम वापसी के अन्तिम दिवस पर सन्तोष कुमार सैनी एवं रामेश्वर ठेकेदार ने अपना नाम



निर्धारित समय में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर वापस लेने से शेष एक ही प्रत्याशी रहने पर रोहिताश सैनी पुत्र छीतरमल सैनी वार्ड नंबर 21 का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हुआ है। निर्वाचन अधिकारी हनुमान सहाय सैनी ने बताया कि निर्वाचित अध्यक्ष को रविवार 3.00 बजे प्रणवानंद आश्रम में निर्वाचन प्रमाण पत्र सहित पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।इस अवसर पर निर्वाचन समिति के बनवारी लाल सैनी, कमलेश टांक, महेश सैनी, मुकेश सैनी, रामस्वरूप सैनी, नन्द किशोर सैनी, रोशन लाल, कैलाश सैनी,सन्तोष सैनी सहित महेंद्र ठेकेदार,माली राम , बाबूलाल रोहिताश टेलर उपस्थित रहे।

## सभी विभागों में भारतीय मानकों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए - मुख्य सचिव

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। राज्य स्तरीय मानकीकरण समिति की बैठक मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें सभी विभागों की निविदाओं और निर्माण कार्यों में भारतीय मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में उपभोक्ता मामले, उद्योग, ऊर्जा, सार्वजनिक निर्माण विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और स्टेट चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। निर्णय लिया गया कि सरकारी खरीद और निविदाओं में मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। साथ ही, सार्वजनिक निर्माण कार्यों में भारतीय मानक ब्यूरो की मॉडल बिल्डिंग उपविधियों को लागू करने का निर्णय हुआ। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की वेबसाइटों पर BIS ऐप का लिंक जोड़ा जाए और प्रशिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रमों में भारतीय मानकों की जानकारी शामिल की जाए। बैठक में BIS को प्रशासनिक सहयोग देने और विभिन्न विभागों की वेबसाइटों पर BIS Care ऐप अपलोड करने का भी निर्णय लिया गया।

## प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग ने किया विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की शासन सचिव उर्मिला राजोरिया के निर्देशों पर बुधवार को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग की टीम ने निदेशालय खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कार्यालय आयुक्त उद्योग विभाग, राजस्थान वित्त निगम तथा राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न राजकीय कार्यालयों की बायोमैट्रिक उपस्थिति की जांच की गई।

उक्त विभागों में कुल 703 कार्मिकों में से 355 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कार्मिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निरीक्षण दल द्वारा उच्चस्तर पर रिपोर्ट पेश की जा रही है।

## आज आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम, प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 20 मार्च, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग का शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

फुलेरा( राजकुमार देवाल)(नि.सं)। राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देश पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय की और से फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर व्यापार महासंघ फुलेरा के सहयोग से आयोजित किया गया ।

शिविर में आस पास के खाद्य कारोबारी शामिल हुए। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव ने खाद्य सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य विक्रेता तथा स्टोर परिवहन करने वाले फूड विक्रेताओं को फूड लाइसेंस बनवाना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने वाले व्यापारियों पर विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई कर सकता है ।

वहि व्यापार महासंघ अध्यक्ष आहूजा ने बताया कि शिविर के दौरान लाइसेंस बनवाने व



रजिस्ट्रेशन के लिए 100 फार्म प्राप्त हुए। जिन्हें मौके पर प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में खाद्य कारोबारीयो को शुद्ध खाद्य पदार्थ आम जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया । इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा टीम से अवधेश गुप्ता, एफएसओ,रमेश चंद यादव, नंदकिशोर कुमावत, लल्लू प्रसाद शर्मा,सहायक बबलू शर्मा,व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा,पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक सोनी, त्रिलोक शर्मा,प्यारेलाल कुमावत, सूजाराम कुमावत, इकरामुद्दीन कुरैशी,विमल जैन,इंद्र चंद शर्मा सहित पदाधिकारी,कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव (मतदान) 29 मार्च को

**चुनावों की मतगणना 30 मार्च को होगी**



जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर के वार्षिक चुनाव 29 मार्च को सम्पन्न होंगे। चुनावों की मतगणना 30 मार्च को होगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने बताया कि क्लब के वार्षिक चुनाव के लिए अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 20 मार्च को किया जाएगा।

उन्होनें बताया कि अध्यक्ष एक पद, महासचिव एक पद, उपाध्यक्ष दो पद एवं कोषाध्यक्ष एक पद और कार्यकारिणी के दस पदों के लिए शुक्रवार, शनिवार 21 एवं 22 मार्च को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

नामांकन पत्रों की जांच 24 मार्च, नाम वापसी की तिथि 25 मार्च होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रबन्ध कार्यकारिणी के 15 पदों के लिए 29 मार्च 2025 को मतदान होगा। शेखावत ने बताया कि चुनाव में राज कमल शर्मा, धर्मेन्द्र कुमार, मनोज शर्मा, अजय सिंह, नरेन्द्र सिंह, अजीत शर्मा एवं शिवराज सिंह को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नागौर में वंचित परिवारों को मिलेगा घरेलू विद्युत कनेक्शनः ऊर्जा राज्यमंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि नागौर जिले में घरेलू विद्युत कनेक्शन से वंचित परिवारों को चिन्हित कर डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने की प्रक्रिया जारी है। डीपीआर स्वीकृत होने के बाद केंद्र सरकार की मंजूरी से इन परिवारों को बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक अजय सिंह के पूरक प्रश्नों के जवाब में मंत्री ने बताया कि जनवरी 2024 तक के सर्वे में नागौर जिले में 12,820 परिवार बिना बिजली कनेक्शन के पाए गए हैं। सरकार इन परिवारों को जल्द से जल्द बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में 15 मार्च 2022 को सौभाग्य योजना समाप्त हो चुकी है, जिसके बाद नए कनेक्शनों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

## राज्यपाल ने हनुमानगढ़ में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, हर बच्चे को शिक्षा मिले, जल जीवन मिशन का हो प्रभावी क्रियान्वयन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(**कास**)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को हनुमानगढ़ में जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत प्रभावी कार्य कर हर घर शुद्ध जल सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। गांव, ढाणी में शिक्षा का प्रभावी प्रसार हमारी प्राथमिकता बने। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का समयबद्ध प्रभावी क्रियान्वयन करने के भी निर्देश दिए।

राज्यपाल ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। जिले में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु प्रत्येक महीने मॉनिटरिंग करने तथा समीक्षा करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, महात्मा



गांधी नरेगा योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड, किसान सम्मान निधि सहित जल जीवन मिशन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया और भावी पीढ़ी को बौद्धिक रूप से सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने औद्योगिक विकास और किसान हितैषी योजनाओं पर भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने जिले में औद्योगिक विकास को गति देने और अधिक रोजगार अवसर सृजित करने की बात कही। पीएम सूर्यघर और पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जल संरक्षण और ग्रामीण सड़कों के विकास पर भी जोर दिया।

## खण्डार विधानसभा के सभी गाँवों को शीघ्र मिलेगा पेयजल : जलदाय मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि खण्डार विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँवों व ढाणियों में शीघ्र जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 252 गाँवों में से 195 गाँवों में ओटीएमपी योजना के तहत कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, जबकि 17 गाँव ईसरदा-दौसा परियोजना से जोड़े जा रहे हैं। शेष 40 गाँवों के लिए चंबल-सवाई माधोपुर-नादौती परियोजना की स्वीकृति जारी कर निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

मंत्री ने कहा कि पाइपलाइन लीकेज व अन्य समस्याओं की जाँच के लिए उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी, और गलत भुगतान लेने वाले संवेदकों से राशि की वसूली कर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।

सरकार की बजट घोषणा के तहत 1,000 हैंडपंप व 1,500 ट्यूबवेल लगाए जाएंगे, साथ ही क्षतिग्रस्त ट्यूबवेल व हैंडपंप की मरम्मत भी होगी। जल जीवन मिशन के तहत 182 लघु योजनाओं में से 88 पूरी हो चुकी हैं, जिससे 91 गाँवों में जलापूर्ति शुरू हो गई है।

## जयपुर स्मार्ट सिटी के कार्यों को राष्ट्रीय सम्मान, तकनीकी जांच के आदेश

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। नगरीय विकास, राज्य मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में बताया कि जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किए गए कई कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों में किसी अधिकारी के विरुद्ध शिकायत मिलने पर उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की जाएगी। खर्रा ने बताया कि जयपुर स्थित चौगान स्टेडियम और पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय के निर्माण की तकनीकी जांच सार्वजनिक निर्माण विभाग से करवाई जा रही है। यदि



रिपोर्ट में अनियमितता पाई गई तो कठोर कदम उठाए जाएंगे। साथ ही, शहर के ड्रेनेज सिस्टम के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग के माध्यम से केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सभी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स की जांच आईआईटी, एमएनआईटी और एनएबीएल स्वीकृत प्रयोगशालाओं से करवाई जाती है। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही भुगतान किया जाता है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत हुए जनहित कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही, 2 केन्टर सामान किया जब्त

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में वार्ड नं. 8 सिने स्टार के पास विद्याधर नगर, सेक्टर 7 निर्माण नगर, विद्याधर नगर, निर्माण नगर चौराहा, निर्माण नगर गेट नं. 8 से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 02 केन्टर सामान जब्त किया गया।उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में वार्ड नं. 8 सिने स्टार के पास विद्याधर नगर, सेक्टर 7 निर्माण नगर, विद्याधर नगर, निर्माण नगर चौराहा, निर्माण नगर गेट नं. 8 से अस्थाई अतिक्रमण अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 02 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## प्रदेश में अब तक 51 लाख किसानों की बनी फार्मर आईडी, 31 मार्च तक जारी रहेंगे किसान रजिस्ट्री शिविर

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रदेश में एग्रीस्टेक योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 9,805 शिविरों में 51.10 लाख किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। बुधवार को पंत कृषि भवन में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला कलेक्टरों संग बैठक कर प्रगति समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 31 मार्च तक हर किसान का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविरों में किसानों को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी दी जा रही है, जो भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में मददगार होगी। इसके अलावा, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु बीमा व चिकित्सा सहित कई योजनाओं का लाभ भी किसानों को दिया जा रहा है।

संपादकीय .....

## प्लेसमेंट और पैकेज की समस्या से जूझते आज के युवा

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात यह होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतक अध्ययन केन्द्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए दो चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कल्पित नहीं बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए करें युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टेण्डर्ड निर्विवाद समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है उनकी ही यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। सवाल केवल प्लेसमेंट तक ही सीमित नहीं हैं अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। कुछ चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबध संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते आते 27 लाख पर आ गया है। यह सबतो देश दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी और घर बार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्राम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है।

## आखिर नागपुर जैसी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं कब और कैसे थमेंगी?

लीजिए, एक और साम्प्रदायिक दंगा हो गया। इस बार आरएसएस मुख्यालय के लिए मशहूर नागपुर शहर ही इन दंगों की आग से धधक उठा। टीवी पर जो आग की उठती लपटें दिखीं, घायल लोग व पुलिस वाले दिखे, क्षतिग्रस्त व जले वाहन नजर आए, इसके गम्भीर मायने हैं। सवाल है कि क्या यह आरएसएस और उसके अनुसांगिक संगठनों को देश-दुनिया में बदनाम करने की सियासी साजिश है? क्या हमारे देश के समुदाय विशेष को आइएसआइ लगातार भड़का रही है जिससे वो निरंतर हिंसक होते जा रहे हैं और पाकिस्तान-बंगलादेश से सहानुभूति रखते हुए उन्हीं जैसा व्यवहार करने लगे हैं?



सुलगता हुआ सवाल यह भी है कि क्या दुनियावी मंचों पर लगातार मजबूत हो रहे भारत को पुनः कमजोर करने की साजिश के तहत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के इशारे पर यह सबकुछ हो रहा है, जिसके तार हमारे राजनेताओं तक से जुड़े हुए हैं क्योंकि देश की यही बेलगाम ताकत है जो अधिकांश अनैतिक करतूतों की जड़ समझी जा रही है! इसी के साथ यह सवाल भी पुनः प्रासंगिक हो गया कि आखिर ब्रेक के बाद होने वाली नागपुर जैसी सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं कैसे थमेंगी? आखिर इन जैसी घटनाओं को रोकने में प्रथमदृष्टया हमारा पुलिस प्रशासन असहाय क्यों प्रतीत होता है और फिर घटना के बाद सक्रिय होकर स्थिति को काबू में करता है?

सवाल यह भी है कि आखिर क्यों पुलिस बल की तमाम रणनीति फेल हो जाती है जिसकी कीमत इसके अधिकारियों-जवानों के साथ-साथ उन मेहनतकश लोगों को भी चुकानी पड़ती है जो अपने कार्यवश सड़क पर होते हैं या प्रभावित क्षेत्र से गुजरते हैं? प्रश्न यह भी है कि समय रहते ही पत्थर, ईंट-रोड़े छतों पर जमा होने की सूचना पुलिस को क्यों नहीं मिल पाती है? क्या हमारा खुफिया तंत्र बार बार विफल हो रहा है या उसकी सूचना पर सही प्रशासनिक फैसले नहीं हो पाते हैं? यह सब कुछ प्रशासन को बताना चाहिए, क्योंकि ब्रेक के बाद देश में होने वाली सांप्रदायिक/जातीय/क्षेत्रीय हिंसा व आगजनी की खबरें हर किसी को परेशान करती हैं।

लिहाजा इस बारे में पुलिस जनजागृति कार्यक्रम करती रहे और घटना के पश्चात इतनी कड़ी कार्रवाई करे, ताकि फिर कहीं और किसी के सिर उठाने की नौबत ही नहीं आए। वहीं, सिविल प्रशासन, न्यायपालिका, मीडिया, सामाजिक संस्थाओं और सियासी दलों को भी पुलिस कार्रवाई का समर्थन करना चाहिए, क्योंकि विधि-व्यवस्था के मामले में समझौता करने का सीधा असर समाज और कारोबार दोनों पर पड़ेगा। इस मामले में बयानबाजी भी सधी होनी चाहिए, ताकि यह और नहीं भड़के। सवाल यह भी है कि क्या इस क्षेत्र में नागरिक-पुलिस समन्वय समिति नहीं थी या फिर वह भी विफल साबित हुई? सवाल बहुत हैं और जवाब सिर्फ यही कि चुस्त-दुरुस्त प्रशासन ही ऐसी घटनाओं को रोक सकता है, अन्यथा जन-धन की अप्रत्याशित क्षति होती रहेगी।

कहना न होगा कि नागपुर के महल क्षेत्र में दो समुदायों के बीच भड़काए गए दंगे पर कांग्रेस ने जिस तरह से भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, वह एक ओछी राजनीति का परिचायक है, क्योंकि ऐसा नहीं है कि कांग्रेस के शासनकाल में कथित शांतिप्रिय समुदाय ने दंगे नहीं भड़काए। ऐसे में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सरकार की विफलता की जो आलोचना की है, वह उनकी दूषित सियासी मानसिकता का ही परिचायक है। ऐसी विकृत सियासी सोच के चलते ही साम्प्रदायिक दंगे लाइलाज बीमारी बनते जा रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि सियासी विकृति, प्रशासनिक अकर्मण्यता, न्यायिक विवेकशून्यता और मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक में संपादकीय विवेक के अभाव का ही नतीजा है कि ब्रेक के बाद यत्र-तत्र दंगे भड़क जाते हैं, जिसके बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया जाता है। इंटरनेट पर पाबंदी इस समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि उकसाऊ तत्वों का विधि सम्मत तरीके से सफाया करके ही इस समस्या का सार्थक समाधान किया जा सकता है।

लोगों के मुताबिक, जिस तरह से नागपुर के महल इलाके में हिंसा भड़की, भीड़ का पथराव हुआ, भीड़ द्वारा 8 से 10 वाहनों में आग लगा दी गई और ऐसी ही घटनाएं सामने आई हैं, उससे प्रशासन के एक्टिव रहने पर ही सवाल उठता है, क्योंकि उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश न होना पुलिस को जान पर खेलने के लिए विवश करने जैसा है। इसके लिए संसद और सुप्रीम कोर्ट दोनों की अदूरदर्शी भूमिका भी सभ्य समाज के कठघरे में है, क्योंकि राष्ट्र को सुशासन देने की नैतिक जिम्मेदारी इन्हीं दोनों संस्थाओं की है। यदि एक समुचित कानून नहीं बनाने का दोषी है तो दूसरा ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान न लेकर किंकर्तव्यविमूढ़ बने रहने का जो मंचन करता है, वह अस्वीकार्य है।हैरत की बात है कि नागपुर के महल इलाके में दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा पर जो राजनीति शुरू हो गई है, उससे घटिया बात कुछ हो ही नहीं सकती! भले ही कांग्रेस ने इसके लिए भाजपा नीत सरकार को जिम्मेदार ठहराया है, लेकिन उसकी सरकारों ने क्या किया है, उसका अतीत कैसा रहा है, इस बारे में वह कभी नहीं सोचती। कांग्रेस ने जिस तरह से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में विफलता का आरोप लगाया है, वह एकतरफा आरोप है। चूंकि कांग्रेस या इंडिया गठबंधन की सरकारें अपनी नीतियों से कथित शांतिप्रिय समुदाय को भड़काती रहतीं हैं, इसलिए ऐसी नौबत पैदा होना आम बात है।

भले ही कांग्रेस नेता ने सवाल उठाया है कि सांप्रदायिक सद्भाव के 300 साल के इतिहास वाले शहर में इस तरह की अशांति कैसे हो सकती है? लेकिन इसकी हकीकत उनसे ज्यादा कौन बयां कर सकता है। एक ओर उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर अपने फायदे के लिए जानबूझकर तनाव भड़काने का आरोप लगाया, जबकि दूसरी तरफ सांप्रदायिक हिंसा रोकथाम विधेयक 2011 लाकर उनकी पार्टी ने किस तरह एकतरफा नियम बनवाए, वह हैरतअंगेज है। क्या वह अपनी पार्टी की करतूतें भूल चुके हैं? उनका यह कहना कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गृहनगर महल में दंगा भड़क गया, एक अस्वीकार्य बयानबाजी है। क्योंकि वहां के हालात इस बात की चुगली कर रहे हैं कि यह एक सुनियोजित साजिश थी क्योंकि उपद्रवियों ने हिंदुओं को चुन चुन कर निशाना बनाया है। ऐसे आरोप टीवी व सोशल मीडिया पर दिखाई-सुनाई पड़ रहे हैं। इसलिए मुझे भी इसमें साजिश की बू आती है क्योंकि वाकई नागपुर का इतिहास 300 साल पुराना है और यहां पहले कभी कोई दंगा नहीं हुआ। यह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और देवेंद्र फडणवीस जैसे सुलझे हुए नेताओं का गृह क्षेत्र भी है, इसलिए यहां शांति की गारंटी होनी चाहिए।क्योंकि यथा नेता तथा प्रजा वाली कहावत यहां सटीक बैठती थी, इस घटना से पूर्व तक। इसलिए हम उन जैसों से भी यह पूछना चाहते हैं कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई? अब भले ही उन्होंने कहा कि बीजेपी केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर सत्ता में है, लेकिन कभी कांग्रेस की भी तो सरकारें ऐसे ही केंद्र व राज्य दोनों जगहों में हुआ करती थीं, फिर भी दंगे भड़कते थे। वैसे में आज यदि विहिप और बजरंग दल ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, तो सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जो पर्याप्त इंतजाम किए थे, वो उपद्रवियों की जाहिल मानसिकता के चलते विफल रहे। जिससे नागपुर शहर के कोतवाली, गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने की नौबत आई।वहीं, कांग्रेस ने कुछ राजनीतिक दलों पर अपने हितों के लिए लोगों को भड़काने का जो आरोप लगाया और कहा कि एक खेल खेला जा रहा है और शहर के 300 साल पुराने इतिहास को मुद्दा बनाया जा रहा है। लिहाजा आपलोग इस खेल का शिकार न बनें। क्योंकि शांति बनाए रखना हमारे हित में है। कांग्रेस ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल लोगों को भड़काते हैं और सोचते हैं कि इसमें उनका राजनीतिक हित है तो हमें ऐसी कुत्सित राजनीति से बचना चाहिए।

– कमलेश पाण्डेय

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

समसामयिक

## अवसाद और बेचैनी जैसी मानसिक समस्याओं से जूझ रहे बच्चे

आजकल की भाग-दौड़ वाली दुनिया में मानसिक समस्याएं बड़ी तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही हैं। इसका प्रभाव इतना तीक्ष्ण और विकराल होता है कि इससे न तो कोई देश बचा है, और न ही कोई राज्य... इसके घातक प्रभाव से अछूता आज न तो कोई गांव है, न कोई शहर और न ही कोई गली-मोहल्ला। इसका शिकार बच्चे, किशोर, बड़े, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सभी हो रहे हैं, लेकिन आंकड़ों की बात करें तो विशेष रूप से, बच्चों और किशोरों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही जटिल होती जा रही है। गौरतलब है कि इसके कारण बच्चों की मासूमियत खत्म होती जा रही है। उनकी फूल-सी मुस्कराहट कहीं खोती जा रही है। वे बेहद गुस्सैल होते जा रहे हैं। वे बात-बात पर क्रोध करने लगे हैं। उनकी बात नहीं सुनी और मानी जाए तो वे आपे से बाहर हो जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो अपने माता-पिता और अभिभावक के ऊपर हमले करने से भी वे नहीं चूकते। जाहिर है कि ऐसे में उनके माता-पिता को यह समझ में ही नहीं आता कि जो बच्चे कुछ महीने, साल पहले तक मासूमियत से भरे बिल्कुल सामान्य व्यवहार वाले थे, हर पल खेलते-कूदते, हंसते-मुस्कराते, गाते-गुनगुनाते और आयु के अनुरूप शरारतें करते रहते थे, आखिर क्या कारण है कि अचानक उनका व्यवहार इस प्रकार बदल गया कि वे उन्हें बिल्कुल सुनना और मानना ही नहीं चाहते।



इसे विडंबना नहीं तो और क्या कहा जाए कि खेलने-कूदने और खाने-पीने की आयु में देश के बच्चों और किशोरों में बैचेनी, डिप्रेशन और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं आज गंभीर से गंभीरतम रूप लेती जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की %मेन्टल हेल्थ ऑफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल% नामक ताजा रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 10 से 19 वर्ष का प्रायः प्रत्येक सातवां बच्चा किसी-न-किसी प्रकार की मानसिक समस्या से जूझ रहा है। इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी लगभग एक तिहाई समस्याएं 14 साल की उम्र से पहले शुरू हो जाती हैं, जबकि इनमें से आधी समस्याएं 18 वर्ष से पहले सामने आने लगती हैं। तात्पर्य यह कि जब हमारे मासूम बाल्यावस्था से किशोरावस्था की ओर कदम बढ़ना आरंभ करते हैं, सामान्यतः उसी दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं उन्हें अपना शिकार बनाना शुरू कर देती हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 07 बच्चों में से एक बच्चा डिप्रेशन का शिकार है। आंकड़ों की बात करें तो देश के 14 प्रतिशत बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब है। इसी प्रकार, %इंडियन जर्नल ऑफ साइकिएट्री% में वर्ष 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में 05 करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे।

गौरतलब है कि इनमें से ज्यादातर बच्चे एंग्जाइटी और डिप्रेशन का सामना कर रहे थे। यूनिसेफ के एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद ये आंकड़े पहले की तुलना में कई गुना अधिक बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया में 30 करोड़ से भी अधिक लोग एंग्जाइटी से जूझ रहे हैं और 28 करोड़ लोग डिप्रेशन का सामना कर रहे हैं। विज्ञान आधारित दुनिया भर में प्रसिद्ध जर्नल %द लैंसेट साइकिएट्री% में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में 75 प्रतिशत टीनएजर्स एंग्जाइटी और डिप्रेशन से जूझ रहे हैं। वहीं, 10 से 18 वर्ष की आयु के 64 प्रतिशत वयस्कों को तीन से अधिक बार खराब मानसिक स्वास्थ्य का दंश झेलना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था के दौरान लड़के-लड़कियों में कई प्रकार के हॉर्मोनल और शारीरिक बदलाव होते हैं। इसके कारण उनके सोच और व्यवहार में बदलाव आता है। इनके अतिरिक्त, उसी दौरान उन लड़के-लड़कियों को बोर्ड परीक्षाओं एवं कॅरियर को लेकर कोर्स सिलेक्शन जैसे दबावों और उहापोह वाली परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में, यदि उन्हें घर और स्कूल में उनके मनोनुकूल अथवा कहा जाए कि सहयोगी परिवेश नहीं मिले तो ये दबावों और उहापोह वाली परिस्थितियां प्रायः एंग्जाइटी और डिप्रेशन का रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार, जो बच्चे लगातार पढ़ाई-लिखाई नहीं करते हैं, वे परीक्षाओं के आने पर अक्सर दबाव में आ जाते हैं।

वहीं, मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल बच्चों में फेलियर हैंडल करने की क्षमता भी कम होती जा रही है। कभी-कभी इसके कारण जेनेरिक भी हो सकते हैं। इतना ही नहीं, हमारी प्रतिदिन की आदतों में शामिल हो चुके फास्ट फूड, शुगरी ड्रिंक्स और सोशल मीडिया जैसे तत्व भी भी एंग्जाइटी और डिप्रेशन का कारण बन रहे हैं। साल 2024 में नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि जंक फूड, अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड एवं फास्ट फूड खाने से व्यक्ति में एंग्जाइटी और डिप्रेशन का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। उक्त अध्ययन के अनुसार इसका सबसे अधिक खतरा वयस्कों को होता है, क्योंकि फास्ट फूड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सबसे बड़े उपभोक्ता भी वही होते हैं। ऐसे ही, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में 2022 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार चीनी से बने अथवा शुगरी ड्रिंक्स भी का सेवन किशोरों के खराब मानसिक स्वास्थ्य की बड़ी वजह बन रहा है। जाहिर है कि एनर्जी ड्रिंक या कोल्डड्रिंक के नाम पर मिल रहे इस प्रकार के पेय पदार्थ एंग्जाइटी और डिप्रेशन का कारण बन सकते हैं। वहीं, साइंटिफिक जर्नल फ्रंटिर्यस में 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन में यह खुलासा हुआ था कि जो टीनएजर प्रतिदिन 07 घंटे से अधिक समय तक स्क्रीन पर व्यतीत करते हैं, उन्हें डिप्रेशन का शिकार बनने की आशंका अन्य टीनएज़र्स की तुलना में दोगुने से भी अधिक होती है।

-चेतनादित्य आलोक

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

आजकल की भाग-दौड़ वाली दुनिया में मानसिक समस्याएं बड़ी तेजी से लोगों को अपना शिकार बनाती जा रही हैं। इसका प्रभाव इतना तीक्ष्ण और विकराल होता है कि इससे न तो कोई देश बचा है, और न ही कोई राज्य... इसके घातक प्रभाव से अछूता आज न तो कोई गांव है, न कोई शहर और न ही कोई गली-मोहल्ला। इसका शिकार बच्चे, किशोर, बड़े, वृद्ध, स्त्री और पुरुष सभी हो रहे हैं, लेकिन आंकड़ों की बात करें तो विशेष रूप से, बच्चों और किशोरों में यह समस्या कुछ ज्यादा ही जटिल होती जा रही है। गौरतलब है कि इसके कारण बच्चों की मासूमियत खत्म होती जा रही है। उनकी फूल-सी मुस्कराहट कहीं खोती जा रही है। वे बेहद गुस्सैल होते जा रहे हैं। वे बात-बात पर क्रोध करने लगे हैं। उनकी बात नहीं सुनी और मानी जाए तो वे आपे से बाहर हो जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो अपने माता-पिता और अभिभावक के ऊपर हमले करने से भी वे नहीं चूकते।

सोच-विचार

## कल्पना चावला ने दो बार स्पेस यात्रा कर बढ़ाया था भारत का मान



आज ही के दिन यानी की 17 मार्च को कल्पना चावला का जन्म हुआ था। कल्पना चावला भारतीय मूल की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री थीं। जिन्होंने स्पेस में जाकर इतिहास रच दिया था। वह बचपन से ही आसमान से उड़ने का ख्वाब देखती थीं। वहीं उन्होंने अपने इस सपने को पूरा करने में पूरी जी जान लगा दी थी। बता दें कि कल्पना चावला ने अपने जीवन में दो बार स्पेस यात्रा की थी। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर कल्पना चावला के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और शिक्षा

हरियाणा के करनाल में 17 मार्च 1962 को कल्पना चावला का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम बनारसी लाल चावला और मां का नाम संजयोती चावला था। कल्पना चावला पढ़ने में बचपन से ही तेज थीं और वह टॉप स्टूडेंट्स की लिस्ट में शामिल थीं। हालांकि कल्पना के माता-पिता चाहते थे कि उनकी बेटी टीचर बने। लेकिन कल्पना चावला अपने मन में अंतरिक्ष यात्री बनने का ख्वाब सजा बैठी थीं।

बैचलर डिग्री पाने के बाद कल्पना चावला आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका चली गई। अमेरिका में उन्होंने साल 1984 में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में मास्टर की डिग्री प्राप्त की। फिर साल 1988 में पीएचडी किया और इसी साल उन्होंने नासा के लिए काम करना शुरूकर दिया था।

### स्पेश मिशन

बता दें कि साल 1994 में कल्पना चावला को स्पेस मिशन के लिए चयनित कर लिया गया। इस दौरान उनका चयन अंतरिक्ष यात्री के रूप में किया गया था। भारतीय मूल की पहली महिला कल्पना चावला ने एक बार नहीं बल्कि दो बार स्पेस यात्रा की थी। कल्पना चावला की पहली उड़ान 19 नवंबर से 05 दिसंबर तक चली थी। फिर साल 2003 में कल्पना चावला को दूसरी बार स्पेस यात्रा करने का मौका मिला।

कल्पना चावला की दूसरी स्पेस यात्रा करीब 16 दिनों तक चलने वाली थी। जोकि 01 फरवरी को संपन्न होनी थी। लेकिन स्पेस यात्रा से वापसी के दौरान यान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कल्पना समेत 6 यात्रियों की 01 फरवरी 2003 को मौत हो गई। बता दें कि कल्पना चावला के योगदान के लिए उनको कई अवॉर्ड और सम्मान से सम्मानित किया गया।



## बॉक्स ऑफिस पर नहीं होगी वॉर 2-कुली के बीच टक्कर, ऋतिक की फिल्म को रास्ता देंगे रजनीकांत?

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित रजनीकांत की आगामी एक्शन फिल्म कुली इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के जरिए अभिनय और निर्देशक की जोड़ी पहली बार साथ काम कर रही है और फैंस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, हाल ही में आई खबरों में बताया गया कि इस फिल्म की रिलीज ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर अभिनीत वॉर 2 से बॉक्स ऑफिस पर टकरा सकती है।

### बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगी फिल्में?

दोनों फिल्मों की रिलीज को लेकर सामने आ रहीं खबरों से संकेत मिलता है कि दोनों बड़े बैनर की फिल्में एक ही स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत रिलीज पर नजर गड़ाए हुए हैं। अगर टकराव होता तो इससे दोनों फिल्मों के बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन पर काफी असर पड़ सकता था। हालांकि, अब फिल्मों को लेकर ताजा खबर है कि रिलीज की तारीखों के टकराव को टाल दिया गया है।

### कब-कब रिलीज होंगी दोनों फिल्में

कई चर्चाओं के बाद दोनों फिल्मों के निर्माता फिल्मों को अलग-अलग सप्ताहांत पर रिलीज करने के लिए सहमत हो गए हैं। आंध्र बॉक्स ऑफिस डॉट कॉम के अनुसार, अगर वॉर 2 अगस्त 2025 में स्वतंत्रता दिवस के सप्ताहांत पर रिलीज होती है तो कुली उस दिन रिलीज नहीं होगी। रिलीज शेड्यूल पर आगे की बातचीत अभी भी जारी है।

### फिल्म के कलाकार

इस बीच दावा किया गया है कि रजनीकांत की कुली के निर्माता पूरे भारत में फिल्म की सफल रिलीज के लिए वितरकों की तलाश कर रहे हैं। इसके साथ ही हाल ही में फिल्म की टीम ने निर्देशक लोकेश कनगराज का जन्मदिन सेट पर मनाया। इस जश्न की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। कुली में नागार्जुन अक्किनेनी , सत्यराज, श्रुति हासन, उपेंद्र, शौबिन शाहिर और अन्य सहित कई कलाकार हैं।



## पूजा हेगड़े ने पहली बार तमिल फिल्म के लिए की डबिंग, रेट्रो में डबल धमाका करेंगी अभिनेत्री

पूजा हेगड़े कभी तेलुगु सिनेमा में सबसे ज्यादा पैसे पाने वाली अभिनेत्री थीं और उन्होंने कई बड़े अभिनेताओं के साथ काम किया था। हालांकि, जब से उन्होंने महेश बाबू की गुंटूर कारम छोड़ी है, तब से उन्हें टॉलीवुड में कोई नया प्रस्ताव नहीं मिला है, लेकिन तमिल सिनेमा में ऐसा नहीं है, जहां उन्हें लगातार बड़ी फिल्में मिल रही हैं। अब अभिनेत्री से जुड़ी नई खबर सामने आई है।

### फिल्म की शूटिंग जल्द पूरी होगी

पूजा की अगली बड़ी फिल्म रेट्रो है, जिसमें सुपरस्टार सूर्या मुख्य भूमिका में हैं और कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित है। यह सूर्या के साथ पूजा हेगड़े की पहली फिल्म है और नेटफ्लिक्स ने एक्शन ड्रामा के ओटीटी अधिकार हासिल कर लिए हैं। कुछ महीने पहले रिलीज हुए टीज़र में पूजा को पारंपरिक अवतार में दिखाया गया था और सूर्या के साथ उनकी केमिस्ट्री को काफी सराहा गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, रेट्रो में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसकी शूटिंग पूरी होने वाली है।

### खुद डबिंग कर रही हैं पूजा

अभिनेत्री को लेकर ताजा अपडेट है कि पूजा हेगड़े ने पहली बार तमिल में रेट्रो में खुद के लिए डबिंग की है। इससे पहले उनकी आवाज को दूसरों द्वारा डब किया गया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में पूजा हेगड़े ने इस बात पर हैरानी जताई कि कार्तिक सुब्बाराज ने उन्हें लीड रोल के लिए अप्रोच किया। उन्होंने बताया, जब कार्तिक सर ने मुझे रेट्रो का ऑफर दिया तो मैं चौंक गई। यह रोल मेरी आम इमेज से बिल्कुल अलग है और मुझे इस रोल के लिए चुने जाने पर बहुत गर्व महसूस हुआ। मुझे पता था कि मुझे इसके लिए अपना सब कुछ देना होगा।

### इस दिन रिलीज होगी फिल्म

ज्योतिका और सूर्या द्वारा अपने होम बैनर तले निर्मित रेट्रो 1 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने खुलासा किया कि सूर्या आखिरी आउटपुट से बहुत खुश थे और पूजा हेगड़े का प्रदर्शन भी उन्हें काफी पसंद आया। वहीं, अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो पूजा हेगड़े कुली में एक विशेष भूमिका निभाएंगी और कंचना 4 और जन नायकन में मुख्य भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा उन्होंने है जवानी तो इश्क होना है नाम की एक बॉलीवुड प्रोजेक्ट भी साइन किया है।

## तमन्ना भाटिया ने बताया, क्यों खास है फिल्म 'ओडेला 2'

बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और आध्यात्मिक पहलू के साथ बनाई जा रही है। एक्ट्रेस ने यह भी कहा है कि यह फिल्म आज के समाज में आने वाली समस्याओं पर केंद्रित होगी। ओडेला 2 के बारे में बात करते हुए तमन्ना ने बताया, यह एक फैंटेसी मूवी है और इसे थिएटर में देखना अनुभव शानदार है। इसमें सुपरनेचुरल बैकड्रॉप और थोड़ा सा आध्यात्मिक पहलू भी है। इन सभी चीजों ने मुझे बहुत आकर्षित किया। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें ऐसी फिल्में पसंद हैं क्योंकि वे लार्जर दैन लाइफ होती हैं। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह का सिनेमा पसंद है, क्योंकि बचपन में मुझे ऐसी फिल्में पसंद थीं, जो लार्जर दैन लाइफ होती हैं और आपको एक अलग दुनिया में ले जाती हैं। मुझे पता चला कि फिल्म का टीजर पहली बार काशी में लॉन्च किया गया था।

उन्होंने आगे बताया कि फिल्म आज के समय की समस्याओं पर केंद्रित है। एक्ट्रेस ने कहा, यह आज हमारे लिए कुछ हद तक प्रासंगिक है, यह उन मुद्दों और समस्याओं से संबंधित है, जिनका हम आज एक समाज के रूप में सामना करते हैं। यह अंत में आपको बहुत बड़ा और सशक्त संदेश देती है। तमन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्मों को ऐसा ही करना चाहिए। उन्हें आपको उम्मीद देनी चाहिए, क्योंकि यही कारण है कि मैंने एक्ट्रेस बनने का निर्णय लिया। मैं एक्ट्रेस इसलिए बनी, क्योंकि इसने मुझे आशावादी बनाया। यह फिल्म भी लोगों को यही एहसास दिलाएगी।

बता दें कि ओडेला 2 अशोक तेजा द्वारा निर्देशित एक थ्रिलर फिल्म है। फिल्म में तमन्ना भाटिया, हेबाह पटेल, वशिष्ठ एन. सिम्हा भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही नागा महेश, वामसी, गगन विहारी, सुरेंदर रेड्डी, भूपाल और पूजा रेड्डी भी अहम किरदारों में हैं।



## वेंकट प्रभु की पैन इंडिया फिल्म में काम करेंगे अक्षय कुमार?

अक्षय कुमार हाल ही में स्काई फोर्स में नजर आए थे, जिसे प्रशंसकों और आलोचकों से मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली थी। इस बीच अभिनेता को लेकर नई खबर सामने आई है कि एक नई पैन इंडिया फिल्म उनके हाथ लगी है। खबर है कि अक्षय अपनी अगली फिल्म के लिए निर्देशक वेंकट प्रभु के साथ सहयोग करने पर विचार कर रहे हैं। वेंकट प्रभु ने इससे पहले विजय के साथ द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम में काम किया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वेंकट ने हाल ही में अभिनेता को एक स्क्रिप्ट सुनाई और कहा जाता है कि वह कहानी से खुश हैं। अगर सब कुछ सही रहा और फिल्म पर बात बन गई तो जल्द ही इसकी शूटिंग भी शुरू हो जाएगी।





## 'खूबसूरत' सी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं विवेक रंजन

'द कश्मीर फाइल्स', 'वैक्सीन वॉर' हो या अपकमिंग 'द दिल्ली फाइल्स', निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री अक्सर गंभीर विषयों पर आधारित फिल्मों का निर्माण करते आए हैं। हालांकि, उन्होंने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में अपने दिल की बात कही। उन्होंने कॉमेडी फिल्म बनाने की इच्छा जाहिर की। कहा कि वह एक ऐसी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं, जो साफ-सुथरी और फूहड़ता से दूर हो। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने बताया कि वह गंभीर विषयों पर फिल्म बनाते रहे हैं लेकिन उन्हें कॉमेडी फिल्में देखना बहुत पसंद है और वह ऐसी फिल्म बनाने की भी इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा, मैं गंभीर फिल्में बनाता हूं। गंभीर इसलिए क्योंकि वे राजनीतिक पृष्ठभूमि की होती हैं लेकिन मैं खुद बहुत ज्यादा कॉमेडी, ड्रामा और थ्रिलर देखता हूं। मुझे कॉमेडी फिल्में पसंद हैं। दरअसल, यह मेरी जिंदगी का एक मिशन था कि मैं भारत की डेमोक्रेसी के तीनों स्तंभ सत्य, न्याय और जिंदगी पर एक फिल्म बनाऊं। 'ताशकंद फाइल्स' - सत्य, 'द कश्मीर फाइल्स' - न्याय पर थी और अब दो भाग में 'द दिल्ली फाइल्स- बंगाल चैप्टर' आ रही है, जिसका संबंध जिंदगी से है और अब यह पूरा भी हो चुका है। अग्निहोत्री ने बताया कि गंभीर विषयों पर फिल्में बनाने के बाद अब वह साफ-सुथरी कॉमेडी फिल्म बनाना चाहते हैं, जिसमें अश्लीलता या फूहड़ता न हो। उन्होंने कहा, आप पुराने समय की फिल्मों को ले लीजिए, मैं वैसी फिल्में बनाना चाहता हूं, मैं 'पड़ोसन', 'चलती का नाम गाड़ी', 'अंगूर' और ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्म 'खूबसूरत' जैसी फिल्म बनाने की मंशा रखता हूं। द दिल्ली फाइल्स बनाने का विचार कैसे आया? इस सवाल पर उन्होंने कहा, पूरी दुनिया में हम ही एक ऐसी कम्युनिटी हैं, जो गुलामी की जंजीर में रहे और हमें प्रताड़ित किया गया। हमें हमेशा से सिखाया गया कि अपने गुस्से को कंट्रोल करना चाहिए, उसे प्रकट करने से बचना चाहिए और पूरी दुनिया यही सिखाने में लगी हुई है कि मानवता क्या है? लेकिन आज की पीढ़ी को बंगाल या डायरेक्ट एक्शन डे की सच्चाई से अवगत कराना जरूरी है। फिल्म में बंगाल की आज की स्थिति को भी दिखाया गया है। ये फिल्म सार्थक जरूर होगी क्योंकि देखकर लोगों के मन में ये जरूर आएगा कि बंगाल अलग नहीं, ये हमारे देश का ही एक हिस्सा है। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने फिल्मों को लेकर दर्शकों की पसंद पर भी बात की। उन्होंने कहा, दर्शक के पास आज के समय में चॉइस कम है। हम जो फिल्में उन्हें देते हैं, वो उसी में से चयन करते हैं, फिर वो अच्छी हो या खराब। मुझे लगता है कि भारतीय कहानियों या आम लोगों से संबंधित विषय को आप जब अच्छे कलाकारों के साथ बनाएंगे तो वह चलेंगी ही। आप जब अजीब सी कहानियों को केवल बॉलीवुड कलाकारों के बच्चों के साथ ही बनाएंगे तो वह कहानी कैसे चलेगी? आम दर्शकों को अब ऐसी कहानियों का लोभ ही नहीं रह गया है।



## ब्रह्मास्त्र 2 पर रणबीर ने दिया अपडेट

**अमिताभ बच्चन, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन- शिवा ने 2022 में बॉक्स ऑफिस पर 257.44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म के आखिर में इसके सीक्वल ब्रह्मास्त्र- पार्ट टू - देव की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके बाद कोई खास अपडेट नहीं आया।**

हाल ही में आलिया की बर्थडे पार्टी में रणबीर ने मीडिया से बातचीत के दौरान ब्रह्मास्त्र 2 को लेकर बड़ा खुलासा किया।

रणबीर ने कहा, ब्रह्मास्त्र 2 डायरेक्टर अयान मुखर्जी का लंबे समय से सपना रहा है। पूरी कहानी उनके दिमाग में तैयार है। अभी वह वॉर 2 में व्यस्त हैं। जैसे ही यह फिल्म रिलीज होगी, वह ब्रह्मास्त्र 2 की तैयारी शुरू करेंगे। उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म जरूर बनेगी। हमने अभी तक इस फिल्म को लेकर ज्यादा कुछ नहीं कहा है, लेकिन जल्द ही इसके बारे में मजेदार घोषणाएं की जाएंगी।

### संजय लीला भंसाली की भी जमकर तारीफ की

रणबीर ने अपनी दूसरी फिल्म लव एंड वॉर के बारे में भी बात की। यह संजय लीला भंसाली के साथ उनकी दूसरी फिल्म होगी। उनकी पहली फिल्म सांवरिया थी, जो 17 साल पहले रिलीज हुई थी। भंसाली के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए रणबीर ने कहा, उनके साथ काम करना खास है। मैंने ऐसा मेहनती इंसान नहीं देखा। वह किरदार, भावनाएं, संगीत और भारतीय संस्कृति को बखूबी समझते हैं। उनके सेट पर काम थकाने वाला और लंबा होता है, लेकिन एक कलाकार के तौर यह संतुष्टि देता है। वह कला को निखारते हैं।

### इन फिल्मों में दिखेंगे रणबीर

लव एंड वॉर में रणबीर के साथ विक्की कौशल भी लीड रोल में होंगे। यह फिल्म मार्च 2026 में रिलीज होगी। इसके अलावा रणबीर के पास रामायण और एनिमल 2 जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स भी हैं। वहीं, आलिया भट्ट जल्द ही अल्फा में नजर आएंगी, जो इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी।

## एक्टर आदर्श गौरव ने किया सामंथा रुथ प्रभु का शुक्रिया

फिल्म खो गए हम कहां में नजर आए एक्टर आदर्श गौरव साउथ इंडस्ट्री में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वह एक हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म का नाम अभी तक सामने नहीं आया है। अब एक इंटरव्यू में आदर्श ने सामंथा रुथ प्रभु का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा से तेलुगु फिल्मों में काम करना चाहते थे, लेकिन समझ नहीं पा रहे थे कि कैसे शुरुआत करें। ऐसे में सामंथा ने उन्हें रास्ता दिखाया। आदर्श गौरव ने कहा, तेलुगु मेरी मातृभाषा है। मैं हमेशा से साउथ इंडस्ट्री में काम करना चाहता था, लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि शुरुआत कैसे करूं। मुझे कोई सही रास्ता नहीं मिल रहा था। लेकिन जब मैं वेब सीरीज सिटाडेल की आफ्टर पार्टी में गया, तब मुझे वहां सामंथा रुथ प्रभु मिलीं। मैं उनसे कहा कि मुझे तेलुगु फिल्मों में काम करना है। लेकिन समझ नहीं आ रहा कि कैसे शुरू करूं?

आदर्श ने आगे कहा, उन्होंने मुझसे कहा था, तुम वहां जाकर कुछ मीटिंग्स क्यों नहीं करते? मैं तुम्हारी मदद करूंगी। इसके बाद उनके बिजनेस पार्टनर और मैनेजर ने मुझे बहुत सारे लोगों से मिलवाया और फिर मुझे साउथ की मूवी मिली। आदर्श की मानें तो उनकी फिल्म एक मल्टी-जॉनर स्क्रिप्ट है। उनका कहना है कि यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्म है, लेकिन इसके साथ ही यह एक डार्क कॉमेडी भी है।



# कष्टों से मुक्ति दिलाती है चन्द्रदेव की पूजा

चन्द्रदेव की पूजा करने से समस्त कष्ट दूर हो जाते है। ज्योतिष के अनुसार सोमवार के दिन चंद्रदेव को समर्पित है। इन्हें नवग्रहों में दूसरा स्थान प्राप्त है। इनकी प्रतिकूलता से मनुष्य को मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ता है। मान्यता है कि पूर्णिमा को तांबे के पात्र में मधुमिश्रित पकवान अर्पित करने पर ये खुश हो जाते है। जिसके फलस्वरूप मानव को सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है।

**ऐसे करें चन्द्रदेव को प्रसन्न :**

1 चंद्रमा से शुभ फल प्राप्त करने के लिए इस दिन खीर जरूर खानी चाहिए।
2 यदि कुंडली में चंद्र नीच का हो तो सफेद कपड़े पहनने चाहिए और श्वेत चंदन का तिलक लगाना चाहिए।
3 पारद शिवलिंग पर दूध का रुद्राभिशेक करें।
4 चंद्रमा अर्थात माता का रूप इस ग्रह की सौम्यता के कारण इसे माता कहा जाता है तो प्रतिदिन मां से आशीर्वाद लें। आपके सभी कार्य पूरे होंगे।
5 चंद्रदेव को अर्घ्य देते समय अगर ये मंत्र बोले तो शुभ फल प्राप्त होते हैं।

**चंद्रदेव अर्घ्य मंत्र :**

ज्योत्सनापते नमस्तुभ्यं नमस्ते ज्योतिषामपते? नमस्ते रोहिणिकांत अर्घ्य मे प्रतिग्रह्यताम ॐ सोमाय नमः ॐ रोहिणिकांताय नमः ॐ चन्द्रमसे नमः क्षीरोदार्णव सम्भूतम अत्रिनेत्र समुद्भव ग्रहाणार्घ्य शशांकेमं रोहिण्यांसहितोमम् ॐ सोमाय नमः...... ॐ रोहिणिकांताय नमः ।अगर ये मंत्र बोलने में कठिनाई हो तो केवल ॐ सोमाय नमः का उच्चारण कर सकते है।



# रंगोली बनाने से आती हैं खुशियां

**घर के बाहर रंगोली बनाने का चलन आजकल काफी चलन में है। रंगोली बनाना आज घर की सुन्दरता को बढ़ाने का एक जरिया बन गया है। लेकिन गुजरे वक्त में खुशियों के स्वागत के लिए घर के दरवाजे या आंगन में इसे प्राकृतिक फूलों और रंगों से बनाया जाता था। यदि घर के सामने खूबसूरत और रंग-बिरंगी रंगोली सजी हो तो मां लक्ष्मी सबसे पहले आपके ही घर पर पधारेंगी।**

भारतीय संस्कृति में शुभ कामों एवं रंगोली का अनन्य संबंध है। रंगोली संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है 'रंगों के द्वारा अभिव्यक्ति।' रंगों से सजी रंगोली वास्तव में खुशियों की अभिव्यक्ति ही होती है।

वहीं वक्त बदलने के साथ ही रंगोली बनाने का तरीका भी बदलता चला गया। आजकल रंगोली कई तरीकों से बनाई जाती है, इसमें कई तरह के इनोवेशन भी किए जा रहे हैं। कहीं फूलों से रंगोली बनाई जा रही है, कहीं पानी पर रंगोली बनाई जा रही है तो कहीं पारंपरिक ढंग से रंगोली बनाई जा रही है।

आज रंगोली बनाने में बालू, फूल, चावल से लेकर अबीर तक का इस्तेमाल किया जाता हे। यही नहीं बल्कि बाजार में बनी बनाई कागज या प्लास्टिक की रंगोली भी मौजूद है। आइए, जाने के आज कौन-कौन सी रंगोली चलन में है और इसे कैसे बनाया जा सकता है।

आप रंगोली चाहे जैसे बनाइये लेकिन उसके बीच में दिया सजाना बिल्कुल मत भूलियेगा वरना वह अधूरी रह जाएगी। अगर आपको रंगोली बनानी नहीं आती तो उदास होने की कोई जरूरत नहीं है।

### क्ले की रंगोली

क्ले की रंगोली को किसी भी सतह पर उभारकर बनाया जाता है। इसमें पेपर मैश क्ले का यूज़ होता है। इससे फूल, पत्तियां या फिर किसी भी तरह का आकार बनाया जा सकता है। क्ले के काम के बाद इसे मनचाहे रंगों से पेंट कर सकते हैं।

### पानी पर रंगोली

घर छोटा है तो छोटे बाउल में पानी में रंगोली बना सकती हैं। पानी की रंगोली के लिए बाउल में पानी लें। पानी ठहर जाने पर इसमें चारकोल पाउडर बुरक दें। अब रंगोली के रंग बिखेरें। फूलों की पंखुडियों और फ्लोटेड कैंडल्स से इसे खुबसूरत बनाएं। पानी की सतह पर रंगों को रोकने के लिए चारकोल की जगह डिस्टेंपर या पिघले हुए मोम का भी प्रयोग किया जाता है।

### स्प्रे पेंट की रंगोली

बाजार में सभी रंगों के स्प्रे पेंट उपलब्ध हैं। आप कोई भी स्टेंसिल लेकर उसे चाहें तो मल्टी कलर स्प्रे पेंट से या फिर एक ही फैमिली के अलग-अलग रंगों से डिजाइन क्रिएट कर सकते हैं। इससे आप चुटकियों में बड़े से बड़ा डिजाइन बना सकती हैं।

### फ्लोटिंग रंगोली

इस रंगोली को ओएचपी शीट पर बनाया जाता है। शीट को मनचाहे आकार में काट लें, फिर उस पर गिलटर और कुंदन व मोती से सजाएं। ये रंगोली पानी पर तैरती रहती है।

### सैंड की रंगोली

सैंड की मल्टी कलर रंगोली आप चाहें तो हाथ से या फिर स्टेंसिल से बना सकती हैं। चाहे तो कार्बन से फ्लोर पर डिज़ाइन ट्रेस करके भी यह रंगोली बना सकती हैं। इसमें आप ब्राइट कलर्स और कन्ट्रासट कलर्स का यूज़ कर सकती हैं। स्टेंसिल से यदि सैंड डालनी हो तो स्प्रे कलर्स का यूज़ करें और आउटलाइन बनाने के लिए व्हाइट सैंड को रंगोली पैन से भरें और किसी भी बड़ी रंगोली में डिटेल वर्क कर सकते हैं।

### फूलों की रंगोली

सिर्फ फूलों से भी रंगोली बना सकती हैं। आप चाहें तो फूलों की पंखुडियों का प्रयोग कर सकती हैं या छोटे व बड़े आकार के अलग अलग फूलों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। तो क्यों न इस दिवाली अपने घर-द्वार को रंगबिरंगी फूलों की डिजाइन से सजाएं और त्योहार का लुत्फ उठाएं।

# गणेश जी की पूजा से दूर होती हैं विघ्न बाधाएं



गणेश जी की पूजा से समस्त दुख और विघ्न दूर हो जाते है। गणेश जी के अनेक रूप प्रसिद्ध हैं जैसे हरिद्रा गणेश, दूर्वा गणेश, शमी गणेश, गोमेद गणेश आदि। गणेश जी के प्रसिद्ध द्वादश नाम स्तोत्र, संकट नाशक स्तोत्र, गणपति अथर्वशीर्ष, गणेश कवच, शतनामस्तोत्र आदि का पाठ करने से मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है। गणेश को एक अनार्य देवता माना जाता है क्योंकि उनका शरीर बहुत छोटा है जो यक्षों तथा शिवगणों के समान है। गणेश जी का व्यापक मस्तक ज्ञान का प्रतीक है। भगवान गणेश जी के बड़े बड़े कान बेहतरीन श्रवण शक्ति के प्रतीक हैं। गणपति जी की छोटी छोटी आंखें प्रगाढ़ एकाग्रता को दर्शाती हैं। इनकी लंबी सूंड कार्यकुशलता की प्रतीक है। गणेश जी का बड़ा सा पेट दर्शाता है कि जीवन में प्राप्त होने वाली समस्त अच्छी-बुरी चीजों को सहजता से ग्रहण किया जाए। गणेश जी की छोटी छोटी पांव सहनशीलता और शक्ति की ओर इशारा करती हैं।

गणेश जी की कान्ति उदयकालीन सूर्य के समान उज्ज्वल है। नाग गणेश जी के आभूषण एवं यज्ञोपवीत के प्रयोग में लाए जाते हैं। उनकी कमर में लिपटा सांप ऊर्जा का संचार करता है। परशुराम जी ने युद्ध के दौरान भगवान गणेश का एक दांत तोड़ दिया था तभी से उन्हें एकदंत कहा जाता है। एकदंत से शिक्षा मिलती है कि बुरी चीजों को त्याग कर अच्छी चीजों को ग्रहण करें।

### कैसे करें गणेश जी को प्रसन्न

धन की कामना के लिए बुधवार के दिन श्री गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती। मान्यता है कि गणेश चतुर्थी के दिन गणपति जी के कानों में अपनी मनोकामना कहने से वह अवश्य पूर्ण होती है।

# शुभ प्रभाव भी दे सकता है साढ़े साती

**साढ़े साती यानि शनिदेव क्रूर दृष्टि। यह जिस पर पड़ती है वह अपने आपको असहाय महसूस करने लगता है और वह अपने ऊपर पड़ने वाले हर प्रभाव को शनिदेव की कृपा से जोड़कर देखता है। ऐसा नहीं है कि शनिदेव हर किसी पर परेशानी बनकर आते हैं, लेकिन इसके हमारे ऊपर सटीक प्रभाव भी हो सकते हैं।**



अक्सर हम काफी मेहनत करने के बावजूद भी कामयाबी नहीं पा पाते। जिससे हमारे मन में यह विचार आने लगता है कि किस्मत ने ही साथ नहीं दिया और यदि हमें सफलता लंबे समय तक नहीं मिलती तो यह विचार आता है की कहीं शनि की साढ़े साती तो नहीं लग गई। लेकिन ऐसा होता नहीं है। क्योंकि साढ़े साती अशुभ के अलावा शुभ कार्य भी दिलाती है। शायद ही कोई व्यक्ति परिचित हो। यह शब्द एक ऍसा हौआ है जिसके नाम से ही हम भविष्य के अशुभ परिणामों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। आखिर यह साढ़े साती क्या है। क्या साढ़े साती के समय में अशुभ परिणाम ही मिलते हैं? ये ऍसे प्रश्न है जो हम सभी के मस्तिष्क में आते हैं। आइये इस साढ़े साती को समझें और इसके बारे में सभी गलत धारणाओं का निदान करें। साढ़े साती के ज्योतिष स्वरूप को समझने के हमें एक दृष्टि इस बात पर डालनी पडेगी कि ज्योतिष में शनि ग्रह का क्या अर्थ है।

शनि को यम भी कहते हैं। शनि की वस्तुएं नीलम, कोयला, लोहा, काली दालें, सरसों का तेल, नीला कपडा, चमडा आदि है। यह कहा जा सकता है कि चन्द्र मन का कारक है तथा शनि बल या दबाव डालता है। शनि बहुत धीमी गति से चलने वाला ग्रह है तथा एक राशि में गोचर करने में यह लगभग ढ़ाई वर्ष का समय लेता है। जब शनि चन्द्र राशि से बारहवें स्थान में प्रवेश करता है तब जातक की साढे साती की शुरूआत कही जाती है। ज्योतिष शास्त्र में जहां किसी ग्रह के कारण अनिष्ट फलों का वर्णन किया गया है, वहां अनिष्ट फल को कम करने के उपाय भी बताये गये हैं। दोष शांति के सभी उपाय ठभक्तिठ और ठदानठ सिद्धांत पर आधारित है। दोष शांति का उपाय ज्योतिष के लिये बताना इतना आसान कार्य नही है। इसके अतिरिक्त साढ़े साती जैसे अरिष्ट फलों को कम करने के लिये यह अति आवश्यक है कि उपाय की शुरूआत साढ़े साती शुरू होने से कम से कम 6 माह पहले कर दी जाये। यद्यपि साढ़े साती के दोष शांति के लिये कुछ उपाय बताये गये हैं, दिए गए उपायों को किसी ज्योतिषी की सलाह से ही लागू करें।

### उपाय

1. काले घोड़े की नाल या नाव की कील का छल्ला बनाकर पहनना।
2. इस समय शराब न पियें। पर स्त्री से संबंध न बनायें।
3. शनि के मंत्र को 19000 बार जाप करना इसके लिये संध्या के समय कम से कम एक माला का जाप करें।
   शनि मंत्र – प्रां प्रीं प्रों सः शनैश्चराय नमः। या शं शनैश्चराय नमः।
4. नीलम की अंगुठी सोने या पंचधातु मे बीच की अंगुली में पहनना।
5. नव ग्रह मंदिर में हर शनिवार को शनि की पूजा व अर्चना करें।
6. शनिवार को काला सुरमा जमीन में दबायें।



# दरवाजे पर सिदूर लगाने के अनेक है फायदे

आपने अक्सर देखा होगा कि कुछ लोग अपने दरवाजे पर सरसों का तेल और सिदूर का टीका लगा कर रखते हैं। खासतौर पर दीपावाली के दिन तो बहुत लोग ऐसा करते है।ऐसा करने के पीछे एक खास कारण है।वास्तु विज्ञान की मानें तो दरवाजे पर सिदूर और तेल लगाने से घर में नकारात्मक उर्जा प्रवेश नहीं कर पाती है। यह घर में मौजूद वास्तुदोष को भी दूर करने में कारगर माना जाता है। वास्तु विशेषज्ञ के अनुसार दरवाजे पर सिदूर लगाने से देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। जबकि सरसों का तेल शनि का प्रतिनिधि माना जाता है जो बुरी नजरों से रक्षा करता है। जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से दरवाजे पर तेल लगाने से दरवाजा लंबे समय तक सुरक्षित रहता है। इसलिए दरवाजे पर सिदूर लगाने की परंपरा है।



# जिला विधिक चेतना समिति की बैठक आयोजित

## शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में हो सुधारः सचिव समीक्षा गौतम

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को जिला विधिक चेतना समिति की बैठक एडीआर सेन्टर, जिला न्यायालय परिसर में आयोजित हुई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के बारे में चर्चा कर समिति के सदस्यों को उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि समिति के सदस्यों का दायित्व न केवल वृद्धाश्रमों, बालगृहों, विशेष गृहों आदि का



विजिट करना है, अपितु महिलाओं, बालकों, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की हर प्रकार की सहायता करना, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर योजना तथा नालसा-रालसा योजनाओं सहित अन्य सरकारी योजनाओं के संबंध में आमजन में जागरूकता फैलाना भी है। इस दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित सदस्यों को समाज के कमजोर वर्गों को निशुल्क विधिक सहायता, संविधान और सामाजिक कल्याण कानूनो एवं अधिनियमों, उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं एवं विभागों के सहयोग से ग्राम, ब्लॉक और जिला स्तर पर जागरूकता शिविरों एवं कार्यशालाओं का आयोजन करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त नरसी मीणा से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेकर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी वार्डो में कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा संग्रहण करवाकर शहर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने खाली भूखण्डों में कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को दिए है। साथ ही उन्होंने आमजन को जागरूक करने हेतु आयुक्त नगर परिषद को नोटिस छपवाकर वितरित करवाने के निर्देश दिये कि आमजन ओटो टीपरो एवं कचरा पात्रों में ही कचरा डाले, अपने आस पास के खाली भूखण्डों में कचरा नहीं डाले। उन्होंने कहा कि जिला विधिक चेतना समिति के सदस्यों द्वारा नगर परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। जिसके तहत जिले के समस्त वार्डों के निवासी अपने-अपने वार्ड एवं क्षेत्र में फैली गंदगी की जानकारी फोटो, वीडियो एवं लोकेशन सहित जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य बनवारी लाल मीना के मोबाईल नंबर 9928052412 पर जरिये व्हाट्सएप शेयर कर सकते है, साथ ही कोई समस्या होने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के हेल्पलाईन नंबर 8306002136 पर जरिये व्हाट्सएप सम्पर्क किया जा सकता है। प्राप्त शिकायतों के संबंध में मौके पर जाकर नगर परिषद द्वारा सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बालगृह में बालकों को मिल रही सुविधाओं में आवश्यक सुधार हेतु सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विमलेश कुमार एवं वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिये उप निदेशक समाज कल्याण विभाग मीना आर्य को निर्देश प्रदान किये। बैठक में सहायक जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र कुमार मीणा, अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल, पैनल अधिवक्ता नन्दकिशोर बैरवा, अधिवक्ता हरिसिंह मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता केपी सिंह एवं बनवारी लाल मीणा उपस्थित रहे।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृति आवेदन संशोधन की तिथि बढ़ी, 31 मार्च तक करें सुधार

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उपनिदेशक उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2023-24 सहित पूर्ववर्ती वर्षों (2016-17 से 2022-23) की उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग एवं मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृति के तहत आवेदन पत्रों में पाई गई आंशिक कमियों, आक्षेपों या रैड फ्लैग के कारण लंबित आवेदनों को निरस्त करने की तिथि बढ़ा दी गई है। पूर्व में यह तिथि 10 फरवरी 2025 निर्धारित थी, जिसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षण संस्थानों के स्तर पर लंबित आवेदनों को स्थाई रूप से निरस्त करने का प्रस्ताव था। विद्यार्थी हित को ध्यान में रखते हुए अब यह समय सीमा बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है। संबंधित विद्यार्थी और शिक्षण संस्थान इस अंतिम अवसर का लाभ उठाते हुए आवश्यक संशोधन पूर्ण कर लें, क्योंकि 31 मार्च के बाद लंबित आवेदनों को स्थाई रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

## मुस्कान ड्रीम्स और एलटीआई माइंडट्री द्वारा गंगापुर में एसटीईएम हैकाथॉन का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** मुस्कान ड्रीम्स और एलटीआई माइंडट्री के संयुक्त प्रयास से गंगापुर में 10 सरकारी स्कूलों के लिए एक एसटीईएम हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिजिटल शाला और इनोवेटर्स ऑफ टुमॉरो प्रोग्राम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें 90 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और 10 शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन किया। इस हैकाथॉन में विद्यार्थियों ने स्क्रैच नामक ब्लॉक-आधारित प्रोग्रामिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए 34 नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट्स तैयार किए। इन प्रोजेक्ट्स में प्रकाश संश्लेषण, बॉडी मास इंडेक्स, गणित प्रश्नोत्तरी, पृथ्वी-चंद्रमा ज्वार-भाटा सहित अन्य एसटीईएम विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को समस्या-समाधान, रचनात्मकता और डिजिटल कौशल विकसित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में एडीपीसी सवाई माधोपुर दिनेश गुप्ता, सीबीईओ गंगापुर विपिन विजयन्, नीति आयोग ब्लॉक फेलो यशस्वी सिंह, सीनियर प्रोग्रामर गंगापुर राहुल गुप्ता एवं एटीएल प्रभारी मॉडल स्कूल गंगापुर मनीष गोयल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि दिनेश गुप्ता ने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए डिजिटल शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। विपिन विजयन् ने छात्रों को तकनीक आधारित शिक्षा से सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुस्कान ड्रीम्स और एलटीआई माइंडट्री सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षकों और विद्यार्थियों को नवाचार से जोड़ने और डिजिटल अंतर को कम करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।

## टीम द्वारा शहर में बारह भाई मेला के लिए शहर वासियों को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**बाड़ी धौलपुर(निसं.)।** बाड़ी उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के आदेशानुसार अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के निर्देशन में बुधवार को नगर पालिका बाड़ी की टीम द्वारा शहर में बारह भाई मेला शोभायात्रा के मार्ग में आने वाले दुकानदारों प्रतिष्ठान वालों को सूचित किया गया कि आप द्वारा आपकी दुकान प्रतिष्ठान पर त्रिपाल, मेज,कुर्सी, स्टूल, बैंच,तख्ती,पटिया, भट्टी लगाकर अस्थाई अतिक्रमण कर रखा है उसको दिनांक 20/03/2025 गुरूवार तक स्वयं हटा लेवे अन्यथा आपके खिलाफ माल जप्ति व चालानी कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान पालिका के तपेश बिधूडी, अमित कुमार शुक्ला, गोविंद सिंह यादव, पुनीत कपरेला, टीटू जमादार,सहाब सिंह जमादार, पप्पू जमादार सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक

## जिले में 32537 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन लंबित

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन का लाभ ले रहे पेंशनधारी स्वयं अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन 31 मार्च 2025 तक करवा सकते है। सत्यापन के अभाव में पेंशन से वंचित हो सकते है। पेंशन के सत्यापन हेतु ग्रामीण क्षेत्र में विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र में उपखंड अधिकारी प्राधिकृत अधिकारी हैं। जिले में अब तक लगभग 19.3% पेंशनरों ने वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया हैं। उप निदेशक मीना आर्य ने बताया कि वर्ष 2025 में सवाई माधोपुर जिले के कुल पेंशनर्स में से अब तक 80.7% प्रतिशत लाभार्थियों का सत्यापन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। सवाई माधोपुर जिले में 32537 पेंशनर्स का वार्षिक सत्यापन लंबित है। उन्होंने बताया कि भौतिक सत्यापन की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 है। ई-मित्र केन्द्र अथवा ई-मित्र कियोस्क से बायोमेट्रिक के माध्यम से, एंड्राइड मोबाइल एप फेस रिकॉग्निशन अथवा बायोमेट्रिक के माध्यम से। और संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी द्वारा लाभार्थी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी के माध्यम से।

### पोर्टल पर विकल्प के रूप में नया प्रावधान उपलब्ध

कुछ पेंशनर्स का उपर्युक्त तीनों विकल्प के उपरान्त भी स्वयं का वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है तो इसके पीछे कारण उनके बॉयोमैट्रिक (उगलियों के निशान) नहीं आ पा रहे हैं, पेंशनधारी का चेहरा आधार पोर्टल के माध्यम से सत्यापित नहीं हो पा रहा है अथवा उनके आधार के साथ मोबाइल नम्बर नहीं जुडा हुआ है अतः ओटीपी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में विभिन्न माध्यमों से शिकायतें, प्रकरण नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में पेंशन पोर्टल पर विकल्प के रूप में एक नया प्रावधान उपलब्ध करवाया गया है ऐसे पेंशनर को संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के कार्यालय में स्वयं के दस्तावेजों यथा पीपीओ, जनाधार, आधार आदि के साथ व्यक्तिशः उपस्थित होना होगा उनके दस्तावेजों की जांच के आधार पर संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी उनका वार्षिक भौतिक सत्यापन करेंगे। भौतिक सत्यापन करते समय संबंधित स्वीकृतिकर्ता अधिकारी के आधार से जुड़े मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके माध्यम से पेंशनर का वार्षिक सत्यापन किया जा सकता है।

### समय पर सत्यापन न होने पर पेंशन हो सकती है बंद

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ने बताया कि जिन लाभार्थियों का सत्यापन 31 मार्च 2025 तक पूरा नहीं होगा, उनकी पेंशन अस्थायी रूप से रोक दी जाएगी। सभी पेंशनर्स से आग्रह है कि वे निर्धारित तिथि से पहले अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन अवश्य करवा लें, जिससे उन्हें पेंशन निर्बाध रूप से मिलती रहे।

## "ये वो धरती जहां पे रामचरण की रज है"- डॉ.मण्डेला

**शाहपुरा(निसं.)।** श्री रामनिवास धाम में आयोजित 260वें फूलडोल मेले के समापन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं साहित्यकार डॉ.कैलाश मण्डेला ने अपने काव्यपाठ से सभी को आनंदित और भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि राम नाम और धाम की सीमाओं का विस्तार दिग्दिगंत में व्याप्त है। शाहपुरा को जिला बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही धाम की पीठ का शाहपुरा में होना ही पर्याप्त है। इस धरती की परंपराओं का बखान करते हुए कविता में कहा- "ये वो धरती जहां पे रामचरण की रज है। "ये वो धरती जहां पैदा हुए कईं दिग्गज है।" धर्म सभा में सम्प्रदाय के संतों और भक्तों की उपस्थिति में श्री मण्डेला ने धाम में पवित्र आचरण पर बल देते हुए कहा कि इस पावन स्थल पर कभी झूठ नहीं बोलना चाहिए वर्ना जीवन में इसका नुकसान हो सकता है। "राम के नाम की धुन को हृदय गुंजा देना। रहें आनंद से सदैव वो मज़ा देना। करे अपराध झूठ बोलने का दर पे कोई, ऐसे हर झूठ की प्रभु उसे सजा देना।। रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश आचार्य श्री राम दयाल जी महाराज, जैतारण के संत भगतराम जी महाराज, सोजत के रामस्वरूप जी महाराज, चित्तौड़गढ़ के दिग्विजय राम जी महाराज, बाल संत आनंद राम जी महाराज ने भी धर्म सभा को अपने प्रवचनों से लाभान्वित किया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम रूपा राम से बदलकर रूपाराम सारण रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे रूपाराम सारण (RUPARAM SARAN) के नाम से ही जाना जावे।

**रूपाराम सारण पुत्र श्री पूर्णा राम, ग्राम पारेवड़ा, तहसील बिदासर, जिला चूरू, (राज.)**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सुजानगढ़**
E-Mail :- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक- अअ/जनस्वा/निविदा / 2024 - 25/266- 2642 दिनांक- 06/03/2025

**निविदा सूचना संख्या 56 / 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -ना अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक साय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड़ खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़ ( डी. डी.ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 56/2024-25 | PHE2425WSRC11543 |

(कैलाशचन्द माली)
अधिशाषी अभियन्ता,
जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड- सुजानगढ़

DIPR/C/3843/2025

# सड़कों पर घुमंतू बेजुबान पशुओं का आतंकः प्रशासन बना मूक दर्शक

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)।** शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है.जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.इसके अलावा वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। शहर के सड़कों पर एवं और गलियों में घूमते आवार पशुओ का इन दिनों बोलबाला है,जहां आमजन के लिए सर दर्द तथा मौत की आशंका बनी हुई है। एक ओर सरकार गांव गांव गौशाला खोलने की बात करती है.वहीं शहरों में सड़कों पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है.ऐसा ही नजारा सुमेरपुर शहर में हर रोज देखा जा सकता है। मैंन बाजार से लेकर मुख्य चौराहे सहित अन्य चौराहों पर घमाचौकड़ी देखी जा सकती है। सड़कों एवं चौरायो पर आवारा पशुओं की लगने वाली यह धमाचौकड़ी से वाहन चालकों के साथ दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। सड़कों पर घूमते आवार पशु शहर की सड़कों का हाल तो बुरा है ही,साथ ही आवारा पशुओं के सड़कों पर मौजूदगी की समस्या ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। इन पशुओं के चलते सड़कों पर आए दिन एक्सीडेंट होते हैं.जिनमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कभी कभी भारी वाहनों से टकराकर ये पशु भी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं.वहीं इनकी लड़ाई में भी लोग दुर्घटना की चपेट में आ चुके हैं। इसको लेकर प्रशासन जिम्मेदारी निभाने में आना-कानी करते नजर आता है। जिसका अंदाजा सुमेरपुर नगरपालिका क्षेत्र में देखा जा सकता है। सूत्रों के अनुसार शहर में दिन बे दिन बेजुबान पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है,शहर के प्रत्येक चौराया और सड़क पर इनका झुंड नजर आता है। कभी चौराहे पर तो कभी सड़क के बीच ही बैठ जाते हैं तथा आचरण विसरण भी वही करते हैं। इनको बचाने के चक्कर में अब तक कई लोग अपनी जान गवा चुके हैं। इन पशुओं के कारण आज भी लोग सुरक्षित नहीं है, सड़कों पर चलना नामुमकिन हो गया है। लोग पशुओं कि उपयोगिता खत्म हो जाने के बाद जानबूझकर सड़कों पर पशु छोड़ देते हैं. ताकि उन्हें पशुओं की देख-रेख न करना पड़े। शहर का सबसे बड़ा जालौर चौराहा है वहां हमेशा भीड़भाड़ रहती हैं,कई बार आपस में झगड़ने से खतरा बना रहता है। जिसकी और नगरपालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ना ही लोगों की पीड़ा सुनने को तैयार हैं।

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

क्रमांक- 2419 दिनांक-10-03-2025
इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार Forest Fire Fighting Equipments सप्लाई करवाये जाने है-

| क्र.सं. | अल्पकालिन खुली / बोली संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 61/2024-25 | Forest Fire Fighting Equipments | 9.75 लाख | FOR2425GSL B05115 |

अल्पकालिन खुली बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & पर देखा जा सकता है ।

उप वन संरक्षक,
चूरू

DIPR/C/3721/2025

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं उसके मानवीय अनुप्रयोग पर अंतरराष्ट्रीय वेबीनार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भारद्वाज फाउंडेशन, जयपुर और भारतीय महिला वैज्ञानिक संगठन के संयुक्त ग्रुप वाइसर ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दो सप्ताह का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें छात्रों, प्रोफेसरों, वैज्ञानिकों, पेशेवरों और उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अजय डाटा, प्रबंध निदेशक, डाटा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, और संयुक्त राष्ट्र से जुड़े डिजिटल डिप्लोमेट व स्वच्छ भारत अभियान के प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर डॉ. डी.पी. शर्मा थे। कंप्यूटर वैज्ञानिक एवं डिजिटल डिप्लोमेट डॉ शर्मा ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा उत्पन्न अवसरों के साथ मानव जाति को संतुलित करने की आवश्यकता है। क्योंकि कोई भी टेक्नोलॉजी अपने विकास के साथ विकार को भी लेकर आती है और यही विकार एथिकल, जिम्मेदार एवं मानवीय सीमाओं को तोड़कर यदि बाहर निकलते हैं तो मनुष्य जाति के लिए खतरनाक हो जाते हैं। हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार, नैतिक एवं मानवीय धारणाओं और नियमों के तहत ही इस्तेमाल करना होगा तभी यह मनुष्य जाति के लिए वरदान साबित होगा वरना यह अभिशाप भी बन सकता है। डॉ डाटा ने कहा कि की कंप्यूटर के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जो परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने कार्य करने की क्षमता और कार्य कुशलता के साथ कार्य की गति को भी एक नई दिशा प्रदान की है।सरकार की चार राजकीय कंपनियों के एमडी, सीएमडी रहे डॉ पीएम भारद्वाज ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से एक नए युग का सूत्रपात हुआ है जिसमें युवाओं को सक्रियता से भाग लेकर भारत को विकसित भारत एवं सोने की चिड़िया बनाने के लिए भरसक प्रयास करना होगा ।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. पी.एम. भारद्वाज, संस्थापक अध्यक्ष, भारद्वाज फाउंडेशन जयपुर, ने वक्ताओं के परिचय से की। उन्होंने बताया कि DeepSeek Development के बाद IWSA प्रेसिडेंट शामला भारद्वाज और उनकी टीम से चर्चा कर ग्रुप का गठन किया गया जिसका उद्देश्य छात्र एवं शिक्षकों को नई टेक्नोलॉजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करने के लिए प्रेरित करना तय किया गया। इस पहल के तहत इंजीनियरिंग छात्रों के लिए दो सप्ताह का निशुल्क ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 103 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के ट्रेनर श्री सुधीर गुप्ता , जो कि अमेरिका बहुराष्ट्रीय कंपनी के पूर्व डायरेक्टर ने नैनो ₹1 चैलेंज प्रोग्राम की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 27 छात्रों ने DeepSeek ₹1 मॉडल के नैनो संस्करण को सफलतापूर्वक विकसित कर अपलोड किया। अंत में, डॉ. एस.एन. विजयवर्गीय, सीईओ, जीनस ओवरसीज, ने मुख्य वक्ता डॉ अजय डाटा, डॉ डीपी शर्मा एवं डॉ सीमा पुरोहित का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को प्रतिभागियों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।




रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 REGD.No. D. L. -33004/99

**अधिसूचना सी-जी-डी-एल-अ-- 28022025-261346**
**CG-DL-E-28022025-261346**
**EXTRAORDINARY**
**भाग II-खण्ड 3 उप खण्ड (ii)**
**PART II-Section 3-Sub-section (ii)**
**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

**सं. 1000]** **नई दिल्ली, बृहस्पतिवार फरवरी 27, 2025/ फाल्गुन 8, 1946**
**No. 1000]** **NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 27, 2025 / PHALGUNA 8, 1946**

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 27 फरवरी, 2025**

का.आ. 1008 (अ)- केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि राजस्थान राज्य के चूरू जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-709 ऐक्सटेंशन के कि.मी. 1 पर (आर.ओ. बी. लेवल क्रासिंग, ए-142 पर सादुलपुर रेलवे स्टेशन के पास) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन / 4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने का अपने आश्य की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उपधारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ को लिखित रूप में प्रस्तुत कि जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपतिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपतियों की सुनवाई करने के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात्, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपतियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा। उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उपधारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

राजस्थान राज्य के चूरू जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 एक्सटेंषन के कि.मी. 1 पर (आर. ओ.बी. लेवल क्रासिंग, ए-142 पर सादुलपुर रेलवे स्टेषन के पास) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण ।
(फा. सं. RW / NH-12012/06/2016/PS-4/RJ/3A)
जिला- चूरू
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp / Notification agricshtml?project id = 36167xnotification_id=71661 & EncHid=1651789441&l=2

DIPR/C/3756/2025

# झुंझुनूं में रोजगार मेला : 20 से अधिक कम्पनियों ने लिया हिस्सा, 500 से अधिक युवाओं ने कराया पंजीकरण

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। झुंझुनूं में कौशल नियोजन व उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 20 से अधिक निजी नियोजक संस्थानों ने भाग लिया और युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। रोजगार मेले में जिले के 500 से अधिक आशार्थियों (जॉब सीकर्स) ने अपना पंजीकरण कराया और विभिन्न कंपनियों में नौकरी पाने के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने कहा कि इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को उनकी योग्यताओं और कौशल के अनुसार नौकरियों की जानकारी दी जाती है, जिससे वे अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सकें।

### युवाओं में दिखा उत्साह

रोजगार मेले में शामिल युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कई युवाओं ने कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से उन्हें रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिलता है। रोहित शर्मा ने कहा कि मैं कई दिनों से नौकरी की तलाश में था, लेकिन सही गाइडेंस नहीं मिल पा रही थी। इस मेले में आने के बाद मुझे कई कंपनियों के बारे में जानकारी मिली और मैंने दो कंपनियों में आवेदन भी कर दिया है। वहीं, आईटी ग्रेजुएट प्रियंका वर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने से मुझे अलग-अलग कंपनियों की जरूरतों के बारे में पता चला। मुझे यह भी समझ में आया कि किन कौशलों को और विकसित करने की आवश्यकता है ताकि मैं बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकूं।

### 20 निजी कंपनियों ने रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

इस रोजगार मेले में 20 से अधिक निजी कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें उत्पादन, विपणन, ग्राहक सेवा, बिक्री, तकनीकी क्षेत्र और अन्य उद्योगों से जुड़ी संस्थाएं शामिल थीं। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं को विभिन्न जॉब प्रोफाइल, वेतनमान और कैरियर ग्रोथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कई कंपनियों ने मौके पर ही उम्मीदवारों का प्रारंभिक साक्षात्कार लिया और कुछ योग्य उम्मीदवारों को तुरंत चयनित भी कर लिया गया। कुछ कंपनियों ने युवाओं को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए बुलाने की बात कही।

### युवाओं को सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देना

सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य सिर्फ युवाओं को नौकरी दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देकर उनके करियर को सही दिशा देना भी है। उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर ऐसे रोजगार मेले आयोजित करते रहेंगे ताकि जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चला रही है। इच्छुक युवा इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी दक्षता बढ़ा सकते हैं और बेहतर नौकरियों के लिए योग्य बन सकते हैं।

## डुगांणा बालाजी धाम में होली स्नेह मिलन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** हमीरपुरा रोड वार्ड नंबर 7 में स्थित डुगांणा बालाजी धाम में होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। महन्त सुभाष चन्द्र सुरोलिया ने बताया कि बालाजी मन्दिर में भक्ति रस होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से हर वर्ष की तरह मनाया गया। कार्यक्रम में शेखावाटी में लक्ष्मणगढ का नाम रोशन करने वाले बांसुरी वादक-घनश्याम इन्दोरिया सहित स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।इस मौके पर योगेश शर्मा, मुकेशसोनी,पवन पारीक,श्याम सुन्दर कामड़, हिमांशु जोशी, सुभाष घासोलिया, प्रमोद सैनी, पवन सैनी, प्रमोद घासोलिया, मुकेश घोडेला, विष्णु सैनी, किशन सैनी, रामेश्वर मास्टर, महेंद्र जाट, रामकरण भुंकर, भंवर कलवाणीया, सांवर कामड, सीताराम शुक्ला,कमल टैलर कजोड़मल शर्मा, विजय कुमार जोशी, रविन्द्र कृष्णिया, मगल राम मेघवाल मौजूद रहे। इस मौके पर मंदिर महन्त सुभाष चन्द्र सुरोलिया को श्रद्धालुओ ने शाल-श्रीफल -दुपटा पहनाकर सम्मानित किया गया।

## रथयात्रा का किया किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** वंचित वर्ग आरक्षण उपवर्गीयकरण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवार के नेतृत्व में वंचित वर्ग आरक्षण अधिकार रथ यात्रा चूरू से रवाना होकर बुधवार को स्थानीय चूरू चुंगी नाका पर पहुंचने पर भंवरलाल पेंटर के नेतृत्व में महिला व पुरूषों ने स्वागत किया। रथ यात्रा चुरु रोड़ से रवाना होकर स्टेशन रोड़ पर स्थित बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर की मूर्ति सर्किल पर पहुंचकर उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा आयोजित हुई। आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अनुसूचित जातियों के उपवर्गीकरण के न्यायालय के निर्णय अनुसार नान -क्रिमीलेयर जातियों का वर्गीकरण कर उन्हें तत्काल आरक्षण का लाभ दिलाने की मांग को लेकर रथयात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक यह यात्रा 15000 किलोमीटर अपनी यात्रा कर चुके व 200 से ज्यादा रैली, जनसभा व बैठके कर चुके हैं। बैठक को विजेन्द्र कुमार, अमीत चांवरिया गोविन्द राम, पेंटर भंवरलाल सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, देवकरण पंवार, गोविंद पंवार, सुरेश घारू, हरिराम पंवार, शक्तिदेवी पंवार, रमेश पंवार, भगवती प्रसाद पंवार व प्रकाश पंवार सहित दर्जनों लोग व मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## घायल अवस्था में एएसपी के पास पहुंचे पिता- पुत्री, न्याय की लगाई गुहार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सांडवा थानान्तर्गत एक गांव के पिता व पुत्री उपचाराधीन अवस्था में ही एएसपी दिनेश कुमार के पास पहुंचे और न्याय दिलवाने के लिए मामले की जांच किसी उच्च अधिकारी को दिए जाने और वास्तविक तथ्यों पर मामले की जांच करवाने की मांग की। पीड़ित महिला व उसके पिता ने एएसपी को बताया कि सांडवा थाने के हैड कांस्टेबल कुंभाराम ने अपनी स्वैच्छा से मुकदमा लिख लिया, जबकि हमारे बताए गए तथ्यों को नहीं लिखा। इसलिए मामले की निष्पक्ष उच्च अधिकारी से जांच करवाकर न्याय दिलवाया जाए। इस दौरान एएसपी को बताया गया कि परिवादी की पुत्री गर्भवती है और उसे गंभीर चोटें आई हैं। इसी प्रकार परिवादी की हड्डी तक टूट गई है, फिर भी पुलिस ने सामान्य धाराओं में मुकदमा कर आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। जबकि परिवादी की पुत्री के साथ छेड़छाड़ की घटना का भी आरोप है। मामले को लेकर एएसपी दिनेश कुमार ने बीदासर डीएसपी व सांडवा थानाधिकारी को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश देकर सही तथ्यों पर जांच कर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में 289 किसानो को मिली आईडी

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे में नगरपालिका चैक स्थित महाजन पंचायत भवन परिसर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्रेशन शिविर में मंडावा क्षेत्र के किसानो ने उत्साह से भागीदारी निभाते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पटवारी विजय काला ने बताया कि शिविर में 289 किसानो ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर में कृषि पर्यवेक्षक इंद्रा खीचड़, पटवारी धर्मेन्द्र सिंह मीणा, पिंटू काला, सुभाष बारेठ, भू-अभिलेख निरीक्षक, वरिष्ठ सहायक राकेश सोनी सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सालासर बालाजी से कलश यात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** गाँव गुडावड़ी में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन बुधवार से शुरू हुआ। सालासर बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें राम दरबार, शिव पार्वती, हनुमान सहित 11 प्रकार की अलग अलग झाकिया सजाई गई। डीजे की धुन पर निकाली गई कलश यात्रा में आसपास के गाँवों से महिलाओं ने भाग लिया। कथा वाचक बुद्धगिरी मढ़ी के महंत श्री दिनेशगिरी महाराज को रथ पर सवार कर कथा स्थल पर लाया गया। 5 किलोमीटर की निकाली गई। कलश यात्रा में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर जगह जगह पर स्वागत किया। कथा वाचक व मुख्य यजमान बसंतीलाल पुजारी व मुन्नी देवी ने गौमाता की पूजा की। कथा के पहले दिन कथा का वाचन करते हुए महंत दिनेशगिरी महाराज ने कहा कि मन जिस स्थान पर रुक जाता है वही नेमि सारण है। जहाँ पर सुख महाराज ने सभी ऋषियों को भागवत कथा सुनाई। इंसन का मन अपने घर में रुक जाता है वही तीर्थ है और कई लोगों का तीर्थ स्थल पर जाकर भी मन भटक जाता है। ज्ञान वैराग्य और भक्ती को समझने पर ही समझ आता है कि क्या सही है और क्या गलत और भक्ति ज्ञान और वेराग्य के बिना अधूरी है। इनके बिना कोई भक्ति करता है तो उसे बिना लाभ वाली भक्ति कहते है। भक्ती के साथ ज्ञान भी होना जरुरी है। राजा दक्ष बिना ज्ञान व भक्ती के यज्ञ कर रहा था। भगवान शिव का अपमान किया था। इसलिए उसे उस यज्ञ का फल नहीं मिला। इंसान कलियुग में जगह जगह पर भक्ती भाव कर रहा है। लेकिन फिर भी उस का फल नहीं मिल रहा है। अपने माता पीता का त्याग करने वाला बड़े बड़े अनुष्ठान कर रहा, बड़े बड़े गुरुओ से मंत्र दीक्षा ले ली, फिर भी उनको फल नहीं मिल रहा है। साल भर लकड़ी से मारकर गौमाता को घर से निकालते है और फिर गोपाष्टमी के दिन उसकी पूजा करते है तो उसका क्या फायदा है। लोग दान कम करते है और दिखावा ज्यादा करते है। सब एक दूसरे की होड़ में लगे हुए है। नवरात्र में नो दिन तक कन्या पूजन करते है और फिर उसका अपमान करते जन्म से पहले ही कॉक में ही मार देते है तो फिर ऐसी भक्ति करने का फायदा क्या है। रामजी शास्त्री ने कथा की पूजा अर्चना करवाई। इस दौरान मनोज शर्मा, दक्षवीर पुजारी, डॉ.परमेश्वर लाल रिणवां, लादुसिंह राव, जयप्रकाश पुजारी, कुंभाराम ढुकिया, रामपाल ढाका, भूराराम शर्मा, बिहारीलाल भढाढरा, गोरधन नवहाल, साँवरमल पीपलवा, हरिप्रसाद नवहाल सहित अनेक लोगों ने आरती की।

## शोभासर गांव में तीन दिवसीय कैंप का समापन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शोभासर फार्मर रजिस्ट्री शिविर में ग्राम पंचायत शोभासर के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित किया गया जिसमें पंचायती राज राजस्व विभाग सामाजिक पेंशन, पशु विभाग के कार्य किए गए जिसमें फॉर्म रजिस्ट्रेशन में जन्म मृत्यु व विवाह पंजीकरण किए गए और शिविर में 530 से अधिक रजिस्ट्रेशन किए गए और 1150 किसान फार्मर आईडी बनाई गई। सरपंच प्रशासक बशीर बानो, सरपंच प्रतिनिधि इमरान खान, कैंप प्रभारी रामकुमार शर्मा, पूर्व सरपंच सुरेंद्र राव, अरुण राव, गुलाब नवी, ग्राम विकास अधिकारी गोविंद राम, भंवरसिंह, अजय सिंह, गिरधारी, मदनलाल सोनी आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ट्रेनी एसआई को पता नहीं कितने नंबर से पास हुई, ट्रेनिंग के वीडियो में बोलीः 301 नंबर आए, जबकि मिले 354, एक लेटर में 13 गलतियां

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** मोनिका के ट्रेनिंग में बनाए वीडियो को लेकर और भी जानकारी जुटाई जा रही है।
झुंझुनूं में जॉइनिंग करने पहुंची ट्रेनी एसआई मोनिका (25) को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। एसआई भर्ती पेपर को 15 लाख में खरीदने वाली मोनिका का एक ट्रेनिंग का वीडियो भी सामने आया है। इसमें वो बता रही है कि उसे एग्जाम में 301 नंबर मिले है, जबकि उसे 354 नंबर मिले थे। दरअसल, ट्रेनी एसआई ने नकल गिरोह के सरगना पौरव कालेर से पेपर खरीदा था। कालेर को गिरफ्तार करने पर ट्रेनी एसआई राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) जयपुर से फरार हो गई थी। एक दिन पहले गिरफ्तार आरोपी ट्रेनी से पूछताछ में और भी कई खुलासे हुए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मोनिका की एग्जाम में 34वीं मैरिट थी। लेकिन, इंटरव्यू में उसके काफी कम नंबर थे।
ट्रेनिंग में दावा- अब 2 स्टार लगाकर ही जाऊंगी।
मोनिका ने एसआई ट्रेनिंग के दौरान एक वीडियो बनाया था। इसमें उसने बताया कि उसके 301 नंबर आए है। वह वीडियो में ये भी बोल रही है कि घर पर तैयारी की थी, लेकिन इतना कॉन्फिडेंस नहीं आया, जितना ट्रेनिंग में मिला। अब में यहां से दो स्टार लगाकर ही जाऊंगी। लेकिन वीडियो की जांच में पता चला कि उसके 354 नंबर थे। यानी मोनिका को ये तक पता नहीं था कि वह कितने नंबर से पास हुई है। नंबर ज्यादा होने के कारण उसका मैरिट लिस्ट में 34वां नंबर था। जबकि उसे इंटरव्यू में 15 नंबर ही मिले थे। इतना ही नहीं ट्रेनिंग के दौरान उससे एक लेटर भी लिखवाया गया। इसमें करीब 13 गलतियां थीं। वह झुंझुनूं की रहने वाली है। हालांकि, इस लेटर में वह झुंझुनूं तक को गलत लिखा। इसके अलावा निरीक्षक, संदिग्ध, इसलिए जैसे कई शब्द थे, जिनमें गलतियां थीं।

### ट्रेनिंग के दौरान अधिकारियों को हुआ था शक

मोनिका की एसआई पुलिस की परीक्षा 15 सितंबर 2021 को अजमेर में थी। पौरव कालेर ने ब्लूटूथ के माध्यम से मोनिका और उसकी साली को लिखित परीक्षा की दोनों पारियों का पेपर पढ़ाया। नकल करने से मोनिका ने हिंदी विषय में 200 में से 184 और सामान्य ज्ञान में 200 में से 161 नंबर प्राप्त किए थे। जब की मोनिका की हिंदी के बारे में ट्रेनिंग के दौरान ही अधिकारियों को पता चल गया था कि उसकी हिंदी ही नहीं अन्य विषयों पर पकड़ बहुत कमजोर है। लेकिन परीक्षा पास होने और ट्रेनिंग का हिस्सा बनने के कारण उसे कोई कुछ नहीं कहता था। मोनिका झुंझुनूं के पुलिस अधीक्षक को भी एक लेटर लिखा था जिसमें काफी गलतियां थीं।

### कालेर की गिरफ्तारी के बाद गायब हो गई थी

एसओजी ने कालेर को एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को लीक करने के मामले में गिरफ्तार किया था तो मोनिका जाट एक्टिव हो गई। वह एसओजी की कार्रवाई और मूवमेंट पर ध्यान रखने लगी। जैसे ही उसे मौका मिला वह ट्रेनिंग के दौरान गायब हो गई। सीनियर अधिकारियों को उस ने मेडिकल पर होने की बात कही। लेकिन वह जानती थी कि कालेर उसका नाम भी लेगा जिस से वह पकड़ी जाएगा।

## भारत विकास परिषद् शाखा चूरू के वार्षिक चुनाव संपन्न




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भारत मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् से प्रारंभ कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। शाखा सचिव पुनीत लाटा ने वार्षिक प्रतिवेदन और वित्त सचिव पवन कुमार जांगिड़ ने आय व्यय वृत पढ़ा। जिला समन्वयक उमेशचंद्र चौहान ने अपने उद्बोधन में रानी अहिल्याबाई की 300 वी वर्षगांठ पर उनकी ओर से राष्ट्र और संस्कृति के रक्षण के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। चूरू शाखा के संरक्षक विश्वनाथ गोटेवाला ने शाखा की गतिविधियों की सराहना की व सदस्यों को सदस्यता वृद्धि के साथ शाखा विस्तार का भी आह्वान किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष व चुनाव अधिकारी बासुदेव चाकलान ने निर्विरोध चुनाव कराए जिसमें आगामी सत्र के लिए उमेशचंद्र चौहान को अध्यक्ष, संदीप कुमार शर्मा को सचिव व पवन कुमार जांगिड़ को वित्त सचिव चुना गया।

# नई जलापूर्ति व सीवरेज कनेक्शन के रख-रखाव के प्रति महिलाओ को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता देवेन्द्र कुमार सैनी के निर्देशन में वार्ड नं -16 में महिलाओ के साथ समूह बैठक का आयोजन कर आरयूआईडीपी परियोजना के तहत किये जा रहे सीवरेज कार्य से होने वाले लाभों व सीवर कनेक्शन के रख-रखाव बारे में स्थानीय महिलाओ को जागरूक किया जिसमे सामुदायिक अधिकारी अनिल रुहेला ने महिलाओ को बताया कि आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम को सीवरेज लाइन से जोडा जा रहा है और कोई भी आमजन सीवर लाइन में ठोस पदार्थ प्रवाहित नहीं करे, अगर ऐसा करते है तो सीवर लाइन चोक हो जाती है जिससे पूरे मोहल्ले वासियो को समस्या का सामना करना पड़ेगा। इस गंदे पानी को शोधन संयंत्र से शोधित कर पानी को सिंचाई क्षेत्र में काम में लिया जाएगा और साथ ही नए जल कनेक्शन प्रक्रिया के बारे में बताया और आमजन से अपील की है कि आप सभी के पूर्ण सहयोग से परियोजना के कार्य समय पर पूरे होंगे और इनका लाभ आम जनता को मिल रहा है। रुहेला ने महिलाओ से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में हर घर में रूडीप की ओर से नई पाइप लाइन में पानी मीटर युक्त फुल प्रेशर के साथ सप्लाई की जाएगी और मीटर के हिसाब से उपभोक्ता को शुल्क वहन करना होगा, इसलिए जितना हो सके पानी को व्यर्थ नही बहाए और जल संरक्षण के प्रति महिलाओ को जागरूक किया और साथ ही परियोजना के टोल फ्री नंबर - 18001802619 शिकायत व सुझाव के लिए वितरित किए। समूह बैठक मे मैसर्स एल. एन. ए. आर एण्ड बी (जे वी) के एसओटी कुलदीप शेखावत ने महिला समूह बैठक आयोजित करवाने में विशेष योगदान दिया और महिलाओ से परियोजना कार्यों में सहयोग की अपील की

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक 24 मार्च को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान- जयपुर के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में 24 मार्च को दोपहर 12.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए जिला व उपखंड स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता, मतदान केंद्रों पर बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं की नियुक्ति, मतदाता सूची में लिंगानुपात व मतदाता- जनसंख्या अनुपात में सुधार किए जाने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

## टीएसपी क्षेत्र के महाविद्यालय शिक्षकों का वेतन शीघ्र जारी हो - रुक्टा

**जयपुर(कास)** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा) ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन भेजकर टीएसपी क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन शीघ्र आहरित करने की मांग की है। रुक्टा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बनय सिंह ने कहा कि अभी तक वेतन जारी न होने से शिक्षक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और होली पर्व भी सही तरीके से नहीं मना पाए। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठाए।

# कांग्रेस की बैठक में कार्यकर्ताओं की अनदेखी का उठा मुद्दा, पारीक बने अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के विधायक निवास पर बुधवार को देहात व नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं ने अनदेखी का आरोप लगाते हुए जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ को खरी खरी सुनाई। पार्षद फारूक ज्यान मोहम्मद और जगदीश धन्नावंसी ने कहा कि पार्टी में जमीनी स्तर पर जो अच्छा कार्य कर रहे हैं उन कार्यकर्ताओं की अनदेखी हो रही है। जिससे कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। धन्नावंसी ने कहा कि तहसील कार्यालय और कृषि उपज मंडी में मूंगफली तुलाई में खुले आम भ्रष्टाचार हो रहा है पार्टी को विधानसभा में ये मुद्दे उठाने चाहिए। बैठक में दुर्गाराम पारीक को सर्वसम्मति से कांग्रेस देहात अध्यक्ष बनाया गया। कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नए देहात अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक को उप प्रधान केशरी शर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश नाई, महावीर माली, मनफूल खां फ़ौजी व ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र राजवी सहित कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित करते हुए पार्टी की मजबूती के लिए जुटने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़ व विधानसभा प्रभारी जितेंद्र कस्वां ने कार्यकर्ताओं को शांत करते हुए कहा कि पार्टी में जो कमियां अवगत करवाई गई है, उन पर विधायक अनिल शर्मा के साथ गहन मंथन कर सभी कार्यकर्ताओं की सुनी जाएगी और जो भी कार्यकर्ताओं की मांग है उनको पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी को आगामी पंचायत चुनाव और नगरपरिषद चुनाव के लिए मजबूती के साथ जुटने का आह्वान किया। बैठक में उप प्रधान केशरी चंद शर्मा, उम्मेद सिंह गोलसर, विजय पाल, नूर मोहम्मद, रामकुमार मेघवाल, लालबहादुर सेवदा, रामलाल सारण, रिजवान सैयद, बाबुलाल सैनी, महावीर प्रजापत, याकुब खान, नरेंद्र नाई, सुरेन्द्र मेघवाल, रामस्वरूप भांभू, जमालद्दीन सब्जीफरोस, मदनसिंह निर्वाण, कुंदनमल सैनी, बाबू खान, अशोक पारीक, सीताराम डांगी, मांगीलाल डांगी, ओमप्रकाश मेघवाल, मांगीलाल जोशी, शांतिलाल नाहटा, प्रकाश पापटान, रामप्रकाश सुंडा, लियाकत सैयद, सोनू सोनी, इमरान खान, विजयपाल सारण, प्रमेश्वरलाल दूबे, केशरमल सारण, सांवरमल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## स्थायी वारंटी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशों पर वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा के नेतृत्व में गठित की गई टीमों में हैड कांस्टेबल रमेश मीणा ने स्थायी वारंटी पवन कुमार पुत्र पुखराज, निवासी वार्ड न. 2, जसवंतगढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी को एएसपी बनाम पवन कुमार प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है।

## हत्या के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पत्नी की हत्या करने के आरोपी का जमानत आवेदन एडीजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि भंवरलाल पुत्र मालाराम निवासी गांव उंटालड़ पर अपनी ही पत्नी मघी देवी की 21 फरवरी 2021 को लाठियों से पीटकर हत्या करने व लाश को कुंड में डाल देने का आरोप है। आरोपी की ओर से एडीजे कोर्ट में जमानत आवेदन लगाने पर अभियोजन पक्ष की ओर से जमानत देने का विरोध किया गया। जिस पर एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी ने आरोपी भंवरलाल का जमानत आवेदन खारिज कर दिया। इसी प्रकार पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी पति का जमानत आवेदन एडीएजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुन्दर खण्डेलवाल ने बताया कि डाबड़ी निवासी आनंद सैनी ने छापर थाने में मामला दर्ज करवाया था कि मेरी बहन रतनी की शादी गोरधनराम पुत्र मांगीलाल सैनी निवासी छापर के साथ हुई थी। जिसके बाद उसे परेशान किए जाने और उसकी मृत्यु के बाद आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का आरोप लगाते हुए छापर थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। जिस पर छापर पुलिस ने आरोपी पति गोरधनराम को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। मामले में आरोपी गोरधनराम ने जमानत आवेदन एडीजे न्यायालय में लगाया, जिसको एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने खारिज कर दिया।

## सरदारशहर, रतनगढ़ और सुजानगढ़ के पशुपालकों को मिली बकरी पालन की विशेष ट्रेनिंग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कृषि विज्ञान केंद्र में 15 मार्च से पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सरदारशहर, रतनगढ़ और सुजानगढ़ तहसील के पशुपालकों ने हिस्सा लिया। शिविर के समापन सत्र में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ वीके सैनी ने कहा कि विकास में पशुपालन का महत्वपूर्ण योगदान है। यह कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रमुख माध्यम है। प्रशिक्षण संयोजक श्याम बिहारी व्यास ने पशुपालकों को बकरी पालन की विस्तृत जानकारी दी। इसमें बकरी की नस्ल, आवास व्यवस्था और पोषण व्यवस्था शामिल थी। उन्होंने बकरियों के लिए चारा फसल चक्र की भी जानकारी दी। साथ ही बकरियों के बच्चों का रखरखाव, गर्भवती बकरियों और प्रजनन बकरों की देखभाल के बारे में बताया। राजकीय पशु चिकित्सालय के डॉ केसरी चंद नाई ने बकरियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने पेट के कीड़े, जूं और चीचड़ जैसे परजीवियों से बचाव के उपाय बताए। फिड़कियां और गोट पॉक्स जैसी बीमारियों के टीकाकरण की जानकारी भी दी। केंद्र के वैज्ञानिक श्याम बिहारी ने बकरियों के लिए रोमन टॉनिक बनाने का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया। उन्होंने अपरा के लक्षण और उपचार के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में नर बकरों की नसबंदी के फायदों पर भी चर्चा की गई।

## वाद विवाद प्रतियोगिता से दिया टीबी मुक्ति का संदेश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता रहे 11 संभागियों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम दाउदसर का हेदर खान बाबर, द्वितीय चारणवासी की शारदा व तृतीय स्थान लाछड़सर निवासी हरिकिशन ने प्राप्त किया। विजेता संभागियों को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ वेदप्रकाश व बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ तिवाड़ी ने बताया कि हेदर अब जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगा।

## बीएलए नियुक्ति व जैडर/ईपी रेशियो सुधार को लेकर राजनीतिक दलों की बैठक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय में बीएलए बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति और जैडर/ईपी रेशियो में सुधार को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने की। बैठक में कांग्रेस से विष्णु गौड, भारतीय जनता पार्टी से राजेन्द्र सोनी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से धीरेन्द्र सैनी और मार्क्स कम्युनिस्ट पार्टी से संदीप सहित कई प्रमुख दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### बैठक में दिए गए निर्देश

प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए बीएलए नियुक्त करने के निर्देश दिए गए ताकि मतदाता सूची में सुधार कार्य को प्रभावी बनाया जा सके। महिला मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया ताकि जैडर/ईपी रेशियो में संतुलन लाया जा सके। सभी राजनीतिक दलों ने निर्वाचन कार्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम डॉ दिव्या चौधरी ने कहा कि महिला लिंगानुपात को बढ़ाने और ईपी रेशियो में सुधार के लिए यह बैठक आयोजित की गई है। एसडीएम ने राजनीतिक दलों से जल्द से जल्द बीएलए नियुक्ति के लिए पदाधिकारियों की सूची सौंपने के निर्देश दिए ताकि इसे शीघ्र ही निर्वाचन आयोग को भेजा जा सके। इस मौके पर तहसीलदार रतनलाल मीणा, नायब तहसीलदार प्रहलादराय पारीक, एसडीएम कार्यालय पेशकार संदीप शर्मा, चुनाव शाखा के कर्मचारी अशोक कुमार शर्मा, आनंद सिंह राठौड़, महेंद्र सैनी, सुनील कुमार, शिवानी, नौरतमल गुर्जर सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियों पर की चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति की ओर से श्रीरामनवमी शोभायात्रा को लेकर बुधवार को आदर्श विद्या मंदिर में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ प्रभु श्री रामलला के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और श्रीराम स्तुति का गायन कर किया गया। बैठक में समिति के कार्यकर्ता श्रीकान्त ओझा के असामयिक निधन पर उपस्थित सदस्यों की ओर से दो मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रीरामनवमी शोभायात्रा विक्रम सम्वत-2082 के यात्रा संयोजक सुरेश वर्मा की ओर से कार्यकर्ताओं के समक्ष शोभायात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं यथा प्रारंभ स्थल, यात्रा मार्ग, सुरक्षा, स्वच्छता, बाजार सज्जा, संत सानिध्य, झांकी-नृत्य नाटिका, प्रचार-प्रसार, ग्रामीण संपर्क आदि विषयो पर चर्चा की गई। शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सुझाव आमन्त्रित किए गए। जिस पर उपस्थित कार्यकर्ताओं की ओर से अपना मंतव्य और सुझाव दिए गए। समिति के उपाध्यक्ष डॉ बनवारी लाल शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरदारशहर की धरा पर निकलने वाली शोभायात्रा इसमें सम्मिलित होने वाले जनसमुदाय के अनुशासन और एकरूपता के लिए प्रसिद्ध है। समिति से जुड़े कार्यकर्ता शोभायात्रा की व्यवस्थाओं के लिए संयम और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते है और इसी के लिए हमें प्रयासरत होना चाहिए। बैठक के अंत में समिति के अध्यक्ष सुबोध सेठिया ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की इस शोभायात्रा को भव्यता और दिव्यता प्राप्त हो इसके लिए हम सभी को सक्रिय भागीदारी से अपनी जिम्मेदारी में आए कार्यो को उत्साह से करने के लिए प्रयास करना होगा। बैठक में समिति के कोषाध्यक्ष पवन सैनी, संघ के प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सुभाष सोनगरा, सामाजिक कार्यकर्त्ता शोभाचंद स्वामी, मातृशक्ति संयोजिका जयश्री वर्मा, प्रकाश प्रजापत, विहिप के रोहताश सोनी, राहुल सोनी, नवदीप पारीक, ताराचंद रैगर, सुनील भोजक, अभिलाषा चौहान, मृत्युंजय पारीक, पंकज बच्छावत, राकेश सोनगरा, अशोक कसेरा, चिरंजीलाल पारीक, विनिता शर्मा, सोनू पारीक, कविता, मीनू शर्मा, पूजा, कांता सोनगरा, मुकेश स्वामी, रितेश चौहान, ईश्वर स्वामी, नरेन्द्र सेवदा, मुकेश सैनी सहित प्रमुख कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

## विधायक की कार्यप्रणाली पर पूर्व उपसभापति ने उठाए सवाल



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** पूर्व उप सभापति व भाजपा नेता बाबूलाल कुदीप ने विधायक मनोज मेघवाल की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए हैं। बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि करीब एक साल पहले राजस्थान में कांग्रेस की ही सरकार थी और सुजानगढ़ में धड़ल्ले से बिना पार्किंग वाले कॉम्पलेक्स बन रहे थे, उस वक्त विधायक ने किसी प्रकार का प्रश्न क्यों नहीं उठाया। कुलदीप ने कहा कि नगरपरिषद में भ्रष्टाचार है, ये सब जानते हैं, लेकिन विधायक ने कांग्रेस की सरकार के रहते ये प्रश्न विधानसभा में क्यों नहीं उठाए? कुलदीप ने कहा कि अचानक से सभापति भ्रष्टाचारी नहीं हुई है। अगर विधायक ने नगरपरिषद में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, तो उनको चाहिए कि वे सभापति के पूरे कार्यकाल की जांच करवाए। विधानसभा में खेल मैदान के प्रश्न को उठाए जाने पर कुलदीप ने कहा कि खेल मैदान की एक साईड की जमीन पर कबाड़ का सामान पड़ा रहता था, जिस पर नगरपरिषद का भव्य भवन सभापति सिकंदर अली खिलजी के कार्यकाल बनाया गया। जबकि वर्तमान सभापति और विधायक के कार्यकाल में तो स्टेडियम की टूटी हुई दीवार की मरम्मत तक बरसों से बाकी पड़ी है। लोहिया स्टेडियम अपनी दुर्गति के अंतिम चरण पर है, लेकिन इसकी कोई सुध नहीं ले रहा। कुलदीप ने कहा कि बात-बात में विधानसभा में प्रश्न उठाने से जनता में यह साफ संदेश चला गया है कि सभापति और विधायक की मिलीजुली सरकार है और सभापति के खिलाफ बयानबाजी का झूठा खेल खेला जा रहा है, जिससे जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। कुलदीप ने कहा कि सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को जाए, तो ये समझ से परे है। अगर विधायक ने भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण, बिना पार्किंग के निर्माण के आरोप लगाए हैं, तो विधायक को चाहिए कि मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करवाए। कुलदीप ने कहा कि पार्षदों को ठेकेदार और चोर बताने वाले विधायक के खिलाफ पार्षदों को भी निंदा प्रस्ताव पारित करना चाहिए। विधायक अगर सच में अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं, जो इसे साबित करके दिखाए। खेल मैदान को भाड़े पर दिए जाने के सवाल के बारे में कुलदीप ने कहा कि नगरपरिषद स्वायत संस्था है और आय बढ़ाने के लिए अगर खेल मैदान भाड़े पर दिया जाता है, तो इसमें दिक्कत क्या है। नगरपरिषद अगर अपनी आप बढ़ाती है, तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन इसी स्टेडियम की दीवार तक नहीं बनाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। कुलदीप ने कहा कि अपनी ही पार्टी की नगरपरिषद पर आरोप प्रत्यारोप लगाने के बजाय विधायक को नए विकास कार्यों की बात करनी चाहिए।

## कवि केशरदेव मारवाड़ी को गिरफ्तार करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कवि केशरदेव मारवाड़ी की ओर से खरनाल में भरने वाले मेले को लेकर की गई टिप्पणी के वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया और समाज में विद्वेष फैलाने का प्रयास करने का आरोप केशरदेव मारवाड़ी पर लगाते हुए उन्हें गिरफ्तार करने तथा उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। प्रेस वार्ता में धर्मेन्द्र कीलक ने बताया कि प्रशासन अगर मामले में समुचित कार्यवाही नहीं करता है, तो जाट समाज इसका प्रखर विरोध करेगा और आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करेगा।

## बिजली का बकाया बिल जमा नहीं कराया तो फ्री बिजली होगी बंद

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं की ओर से मार्च माह में बिजली बिल जमा नहीं करवाने पर फ्री यूनिट योजना से वंचित कर दिया जाएगा। जोधपुर डिस्कॉम के एक्सईएन सीताराम जांगिड़ ने बताया कि महंगाई राहत शिविर में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को हर माह 100 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है, लेकिन उसके बावजूद भी कई उपभोक्ता समय पर बिलों का भुगतान नहीं कर रहे हैं और डिस्कॉम को राजस्व की हानि हो रही है। अब राज्य सरकार के बजट के अनुसार हर माह बकाया चल रहे बिजली बिलों के जमा नहीं होने की स्थिति में उपभोक्ता के दूसरे महिने के बिल से फ्री योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा और सामान्य घरेलू टैरिफ की भांति ही बिजली बिल आएगा। जांगिड़ ने बताया कि मार्च माह में बकाया चल रहे बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया गया, तो इस योजना से वंचित किया जाएगा।

## बास्योडा कल, ठंडे पकवानों का लगेगा भोग

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** क्षेत्र में बास्योड़ा का त्यौहार शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस संदर्भ में नगरपालिका प्रशासन ने सार्वजनिक घोषणा की है। पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत ने बताया कि मां शीतला की पूजा-अर्चना से पूर्व गुरुवार को घर-घर में पकवान बनाए जाएंगे तथा ठंडे पकवानों का शुक्रवार को मां के भोग लगाया जाएगा। क्षेत्र में शीतला धोरा, अशोक स्तंभ, पंडितपुर व वाल्मीकि बस्ती स्थित मंदिरों में मां को ठंडे पकवानों का भोग लगाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। बास्योड़ा के दिन से ही शुक्रवार को नवविवाहिताएं पक्की गणगौर का निर्माण करेगी तथा घर-घर जाकर गणगौर का बनौरा निकालने की परंपरा निभाई जाएगी। नगरपालिका प्रशासन के तत्वावधान में 31 मार्च को गढ़ क्षेत्र से ईशर व गणगौर की पूजा-अर्चना करके सवारी निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन गढ़ परिसर पहुंचेगी।

## होनहार स्कूली छात्राओं को टेबलेट वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय गणेशीराम झंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को टेबलेट वितरण किए गए हैं। प्रधानाचार्या कुसुम शर्मा ने बताया कि सत्र 2024 के परीक्षा परिणाम के आधार पर राज्य सरकार की ओर से विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा जिया दाधीच, नेहा दाधीच, हर्षिता सोनी और लक्ष्मी प्रजापत को टेबलेट प्रदान किए गए हैं, जो भविष्य में उनको अधिक दक्षता के साथ उनके अध्ययन में उपयोगी रहेंगे। समारोह के मुख्य आतिथ्य राजस्थानी भाषा साहित्य वं संस्कृति अकादमी के सदस्य रहे साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि इस तकनीकी युग में शिक्षा के अवसर सुगम हुए हैं। कार्यक्रम में एवरग्रीन स्कूल के निदेशक रतन सैन ने कहा कि मोबाइल, कम्प्यूटर और तकनीकी और इंटरनेट का विद्यार्थी सदुपयोग करना सीखें। इस अवसर पर सुमनेश शर्मा, कमलनयन तोषनीवाल और सुप्रीम फाउण्डेशन के प्रतिनिधि मनोज सौलंकी भी मंचस्थ रहें। उप प्रधानाचार्य चैन प्रकाश प्रजापत, विकास प्रजापत, सीताराम मीणा, आशुराम खटीक, रामलाल गुलेरिया, कंचन स्वामी, अंकित शर्मा, राजकंवर, कुसुम शर्मा, नीतू जांगिड़, अंजू सोनी, आरती प्रजापत, पवन कुमार शर्मा, ओमप्रकाश आदि ने आगन्तुकों का स्वागत किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन बोदूराम शर्मा ने किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर मीराबाई के बगीची में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचाक पं. मोहित राज शास्त्री ने कहा कि भगवान भक्तों की सहायतार्थ और धर्म की रक्षा करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लेते हैं। इस अवसर पर कृष्ण जन्म का प्रसंग उन्होंने सुनाया और कथा में बाल कृष्ण की जीवंत झांकी सजाई गई। लोगों ने झूमते हुए एक दूसरे को मिठाईयां वितरीत करते हुए बधाईयां दीं। कथा के आयोजन को सफल बनाने में नोरतन सिंह, जितू प्रजापत, कालुराम बाबरिया, रामूराम ईशरावा, प्रताप पंडा, सुमित्रा जोगी, कामरेड जगदीश नाथ, मैना बुआ आदि कार्यकर्ता लगे हुए हैं।



राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
20 मार्च, 2025

## अभिनेष महर्षि ने जनसुनवाई में दिए दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस)।** पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने बुधवार को भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर में आगामी दिनों में आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा के कार्यक्रम को सुगमता पूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिला कलेक्टर, आपणी योजना, पीडब्ल्यूडी, जोधपुर डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंताओं को विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कहा। उन्होंने कथा प्रारंभ होने से पूर्व सभी कार्य पूर्ण किए जाए। कथा स्थल तक जाने वाली शहर की सभी सड़कों का नवीनीकरण व साफ-सफाई करवाने के लिए भी अधिकारियों से कहा। इस दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को भी सुना तथा समाधान के लिए अधिकारियों से कहा। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर विवाद में युवक पर जानलेवा हमला



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** लुहारों के मोहल्ले, चूरू में गैस सिलेंडर को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना में हीरालाल सैनी (35) को गंभीर चोटें आईं। बूंटिया रोड निवासी हीरालाल ने बताया कि गैस सिलेंडर सप्लायर लतीफ से उनकी सिलेंडर को लेकर बहस हुई थी। इसके बाद से लतीफ उनसे रंजिश रखने लगा। घटना के दिन हीरालाल बाइक से सब्जी मंडी जा रहे थे। लुहारों के मोहल्ले में लतीफ और उसके साथियों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। लतीफ ने सरिये से भी वार किया। इतना ही नहीं, आरोपी हीरालाल के गले से सोने की चेन भी तोड़कर ले गए। गंभीर हालत में हीरालाल को सरकारी डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने उनका इलाज किया। मारपीट की सूचना अस्पताल चौकी को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अग्निवीर इनटेक चयन परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अग्निपथ योजना अंतर्गत भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्निवीर इनटेक के लिए चयन परीक्षा के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार चूरू, झुंझुनूं, बीकानेर, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर के निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी अपना ऑनलाइन पंजीकरण 10 अप्रैल, 2025 तक कर सकते हैं। तिथियों में कोई भी परिवर्तन www.joinindianarmy.nic.in वेब पोर्टल पर टिकर के साथ सूचित किया जाएगा। ऑनलाइन परीक्षा जून 2025 में आयोजित किया जाना संभावित है। ऑनलाइन परीक्षा की निश्चित तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी।

## रोजगार सहायता शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान - जयपुर व जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, चूरू की ओर से शुक्रवार को सवेरे 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में बेरोजगार युवाओं के लिए एकदिवसीय रोजगार सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि इस शिविर में राज्य के 8 वीं पास से लेकर स्नात्तकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को ई-कॉमर्स, बैंकिंग, सेल्स मार्केटिंग, सुरक्षा, बीमा क्षेत्र की महिन्द्रा कम्पनी, राक्षा सेक्योरिटी, एमआरआई, मिडलैण्ड माइक्रोफिन, स्वतंत्र माइक्रोफिन, सीआईआई एमसीसी, बैंक ऑफ बड़ौदा, एके इन्टरनेशनल कॉलेज, ऐलक्योर पेस्ट प्रा.लि., फ्लिपकार्ट, आरव इन्फोसोफ्ट, साक्षी इन्टरप्राईजेज, टीम लीज, एलआईसी इत्यादि कम्पनियों की ओर से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न कम्पनियों की ओर से साक्षात्कार के माध्यम से रिक्त पदों के विरूद्ध बेरोजगार आशार्थियों का चयन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वरोजगार, ऋण योजना और विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में जिला उद्योग केन्द्र, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आरएसएलडीसी विभाग, अनुजा निगम की ओर से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेरोजगार आशार्थी अपने मूल शैक्षणिक/फोटोयुक्त पहचान पत्र दस्तावेज मय प्रतिलिपि व पासपोर्ट साइज फोटो के साथ रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए आशार्थी जिला रोजगार कार्यालय, चूरू में सम्पर्क कर सकते हैं।

## अटल टिंकरिंग लैब के बेहतरीन उपयोग से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करें : अभिषेक सुराणा

### जिला कलक्टर ने जिला निष्पादन समिति और मिड डे मील की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में जिला निष्पादन समिति और मिड डे मील की समीक्षा बैठक में शिक्षा अधिकारियों को समुचित दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब के बेहतरीन उपयोग से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करें। स्कूलों में विद्यार्थियों को विज्ञान प्रयोगों के लिए प्रेरित करें और वैज्ञानिक समझ विकसित करें। विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुदृढ़ होने से 21 वीं सदी का सुदृढ़ समाज विकसित होगा। उन्होंने कहा कि जिला शैक्षिक परिदृश्य में अव्वल है। सभी शिक्षा अधिकारी इसे बरकरार रखें। विद्यालयों में आईटी में वो रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को प्रेरित करें और विशेषज्ञता रखने वाले बच्चों को समुचित अवसर उपलब्ध करवाएं। इसी के साथ पीएमश्री योजनांतर्गत



चयनित स्कूलों का अन्य स्कूलों से तुलनात्मक विश्लेषण करें। इससे विद्यार्थियों की रुचि, अध्ययन क्षमता, शैक्षिक उन्नयन, सुधार और परिणाम का एनालिसिस करें। उन्होंने कहा कि कोड चूरू कार्यक्रम और वोकेशनल कोर्सेज में जुड़े हुए बच्चों में संभावनाएं देखें और उनको तराशें। जिला कलक्टर सुराणा ने सिविल निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाए जाने, आरबीएसके में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण करवाने, इको क्लबों में आरआरआर सेंटर संचालित करने, मिड डे मील की गुणवत्ता जांच करने और पौष्टिक भोजन मेंटेन करने, अपार आईडी बनाने व आधार लिंकेज कार्य पूर्ण करने सहित विद्यालय व्यवस्थाओं से जुड़े बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने गतिविधियों की जानकारी दी। डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि ने मिड डे मील की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान चूरू सीबीईओ ओमदत्त सारण, एपीसी हरिप्रसाद, अभियंता रियाज अली सहित सभी ब्लॉकों के शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## झुंझुनूं में 20 हजार पेंशनर्स ने नहीं करवाया सत्यापन

### चार बार बढ़ चुकी पेंशन सत्यापन की तारीख, 31 मार्च है डेडलाइन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं जिले में अब भी 20 हजार से ज्यादा पेंशनरों ने भौतिक सत्यापन नहीं कराया है। इनके पास 31 मार्च तक मौका है। उसके बाद पेंशन बंद करने की कार्रवाई की जाएगी। सरकार चार बार पेंशन सत्यापन की तारीख बढ़ा चुकी है। उसके बाद भी जिले में 20 हजार से ज्यादा पेंशनर्स का सत्यापन नहीं हुआ है। हालांकि इस मामले में जिले की प्रदेश में अच्छी स्थित है। झुंझुनूं जिला प्रदेश में तीसरे नंबर पर है। समाज कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पवन पुनिया ने बताया कि झुंझुनूं जिले में कुल 2 लाख 79 हजार 100 पेंशनर्स हैं। इनमें से 2 लाख 18 हजार 243 पेंशनर्स ग्रामीण क्षेत्र से तथा 60 हजार 859 पेंशनर्स शहरी क्षेत्र से हैं। जिले में अब तक 20 हजार 116 पेंशनर्स ने अब तक भौतिक सत्यापन नहीं करवाया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी वार्षिक सत्यापन के लिए ई-मित्र केन्द्र या ई-मित्र कियोस्क, बायो मैट्रिक के माध्यम से एन्ड्रॉयड मोबाइल ऐप से सत्यापन करवाया जा सकता है। सत्यापन नहीं होने पर पेंशन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। पेंशनर्स को जीवित होने का प्रमाण-पत्र लाने की जरूरत नहीं है। पेंशनर्स ई-मित्र पर जाकर स्वयं सत्यापन करवा सकते हैं। जिन लोगों के फिंगर प्रिंट नहीं आ रहे है। वह पंचायत समिति कार्यालय में खण्ड विकास अधिकारी से व उपखंड अधिकारी कार्यालय में ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करवा सकते हैं। राज एसएसपी ऐप के जरिए मोबाइल से भी सत्यापन करवाया जा सकता है। अब तक जिले में 84.06 प्रतिशत पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन हुआ है।

## विधानसभा में विधायक ने उठाया खेल मैदान का मुद्दा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में सुजानगढ़ नगरपरिषद की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न लगाया है। हालांकि सुजानगढ़ नगरपरिषद में सभापति निलोफर गौरी कांग्रेस पार्टी से ही आती हैं। विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में कहा कि वर्ष 2023 के बजट घोषणा में सुजानगढ़ शहर में स्वीकृत खेल मैदान (स्टेडियम) का निर्माण शीघ्र चालू किया जाना चाहिए। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि दो साल पहले युवाओं की मांग पर खेल स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक सरकार की ओर से 4 हैक्टेयर भूमि उपलब्ध नहीं करवाई गई है। जबकि 3 हैक्टेयर भूमि का दानपत्र सिंघी परिवार की ओर से लिख दिया गया था। लेकिन खेल विभाग इस मामले में रूचि नहीं दिखा रहा है और खेल विभाग ने अब तक कब्जा भी इस जमीन का नहीं लिया है। जबकि सार्वजनिक निर्माण विभाग में बजट आया हुआ पड़ा है। एक दिन पहले ही युवाओं की ओर से नगरपरिषद के एन के लोहिया स्टेडियम को व्यावसायिक मेलों के लिए किराये पर दिए जाने के विरोध को लेकर किए गए प्रदर्शन की बात को विधानसभा में आगे बढाते हुए कहा कि नगरपरिषद खेल मैदान को व्यावसायिक मेला संचालकों को किराये पर देती है, जिससे खेलों की गतिविधियां बाधित होती हैं। इसलिए नगरपरिषद की ओर से खेल स्टेडियम को किराये पर देने की बजाय इसे केवल खेल गतिविधियों के लिए ही सुरक्षित रखना चाहिए।

## दूधवाखारा पुलिस ने 81 लाख की अफीम सहित दो तस्करों को किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। दूधवाखारा थाना पुलिस ने एनएच-52 पर नाकाबंदी के दौरान एक कार से 16 किलो 250 ग्राम अफीम बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के नीमच निवासी दीपक नागदा और राहुल नागदा को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई अफीम की कीमत करीब 81 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। एसपी जय यादव के निर्देश पर चल रहे अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकथाम अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी हंसराज गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनएच-52 पर नाकाबंदी के दौरान एमपी नंबर की एक कार को रोका और तलाशी ली। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मध्यप्रदेश से यह अफीम पंजाब ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के



तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस इस पूरे तस्करी नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। मामले की जांच सदर थानाधिकारी बलवंत सिंह कर रहे हैं। कार्रवाई में थानाधिकारी हंसराज गुर्जर, हेड कॉन्स्टेबल रोहताश कुमार, कॉन्स्टेबल गोपीराम, संजय कुमार, जयप्रकाश, राजेश कुमार, और राजेश राहड शामिल रहे।

## नवरात्रि इस बार 8 दिन की होगी: घट स्थापना के लिए 4 घंटे और 49 मिनट का मुहूर्त

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नवरात्र (बासंतिक नवरात्र) इस बार 8 दिन के होंगे। जो 30 मार्च को शुरू हो रहे हैं। 6 अप्रैल तक चलेंगे। 30 मार्च को भी लोगों को सूर्योदय से दोपहर 12.49 बजे तक ही घटस्थापना कर पाएंगे। इस दौरान कुल 4 घंटे और 40 मिनट के 2 मुहूर्त रहेंगे। मण्डावा स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर के प्रमुख अरविन्द पारीक ने बताया कि बासंतिक नवरात्र 30 मार्च 2025 रविवार से शुरू होंगे। नवरात्र अनुष्ठान में सबसे पहले गणेश पूजन और फिर सुबह घट स्थापना करना शुभ माना गया है। इस दिन सूर्योदय सुबह 6.26 बजे होगा। घट स्थापना का श्रेष्ठ समय सुबह 6.26 से 10.26 बजे तक (चार घंटे का प्रातःकाल) रहेगा। इस दिन अभिजित मुहूर्त दोपहर 12.09 से 12.49 बजे तक रहेगा। यदि किसी कारणवश सुबह के मुहूर्त में घट स्थापना न हो सके तो अभिजित मुहूर्त में यह किया जा सकता है।

### ग्रहों का विशेष संयोग

पारीक ने बताया कि इस साल नवरात्र की पूर्व रात्रि में 29 मार्च को रात 9.44 बजे शनि मीन राशि में प्रवेश करेगा। इसके कारण मीन, मेष और कुंभ राशि पर साढ़े साती का प्रभाव रहेगा। नवरात्र के दिन सूर्य, बुध, शुक्र, शनि, राहु और चंद्रमा मीन राशि में रहेंगे। यह दुर्लभ संयोग 21वीं शताब्दी में पहली बार बन रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह संयोग राजनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बदलाव का संकेत माना जा रहा है। बालकों, वृद्धों और रोगियों के लिए कठिन उपवास वर्जित हैं। साधक और गृहस्थ लोग 9 दिन तक एक समय फलाहार या हल्का आहार लेकर व्रत कर सकते हैं। नवमी तक व्रत रखना आवश्यक है। नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि का विशेष महत्व होता है। अष्टमी को नव कन्याओं का पूजन किया जाता है। उन्हें भोजन कराकर उपहार दिया जाता है। यदि अष्टमी को पूजन न कर सकें तो नवमी को किया जा सकता है। नव कन्याएं माता दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक मानी जाती हैं। अरविन्द पारीक ने बताया कि आमतौर पर नवरात्र 9 दिन के होते हैं, लेकिन इस साल तृतीया तिथि क्षय होने के कारण यह केवल 8 दिन के रहेंगे। द्वितीया और तृतीया तिथि एक साथ 31 मार्च को पड़ रही हैं, क्योंकि तृतीया तिथि सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी, इसलिए इसी दिन मां ब्रह्मचारिणी और मां चंद्रघंटा की संयुक्त पूजा होगी। इसलिए इस बार नवरात्रि 8 दिनों की ही होगी। बासंतिक नवरात्र में तृतीया तिथि को गणगौर पूजा भी की जाती है। इस दिन नवविवाहित और सौभाग्यवती महिलाएं गणगौर पूजन करती हैं। होली के दिन से शुरू होने वाला यह पूजन तृतीया तिथि को समाप्त होता है। पारीक ने बताया कि नवरात्रि 9 दिन की ही मानी जाती है, क्योंकि इसमें देवी के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। कई बार नवरात्रि 10 दिन की भी हो जाती है, जिसे शुभ माना जाता है। क्योंकि देवी आराधना के समय को बढ़ाता है। जब नवरात्रि के दिनों में कमी आती है तो इसे शुभ संकेत नहीं माना जाता। इस साल तृतीया तिथि के क्षय के कारण नवरात्र केवल 8 दिन का रहेगा, जो धार्मिक दृष्टि से शुभ नहीं माना जाता। इस बदलाव के कारण वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के योग बनते हैं। जनधन की नुकसान, समाज में सौहार्द की कमी, राजनीतिक अस्थिरता और प्राकृतिक आपदाओं जैसे तूफान, अग्निकांड, दुर्घटनाएं, बाढ़ और सूखे जैसी परिस्थितियों को जन्म दे सकता है।

### सांभर, नागौर, जयपुर, सुजानगढ़ सहित दर्जनों जगह की नकबजनी

## बीदासर पुलिस को बड़ी सफलता, अंतरराज्यीय गैंग के शातिर चोर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे में मंगलवार को एक अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार करने के बाद थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव के नेतृत्व में गठित की गई अलग-अलग टीमों ने कई स्थानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किए गए शाहरुख खान की गैंग के तीन अन्य साथियों को पुलिस ने तीन अलग-अलग शहरों में छापा मारकर गिरफ्तार किया है। जिससे कस्बे में चोरी की वारदातों पर अंकुश तो लगेगा ही है, साथ ही पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी बढ़ा है। बीदासर थाना पुलिस की गठित टीम ने जोधपुर की मदेरणा कॉलोनी व हाल निवासी सुजानगढ़ के उमरदीन भाटी पुत्र ल्याकत को बीकानेर से, जोधपुर के नागौरी गेट भील बस्ती निवासी मोहम्मद नहीम पुत्र मोहम्मद ईस्माइल को चांदपोल जयपुर से व जोधपुर के कबीर नगर घानसाहीदा कॉलोनी निवासी सदाम हुसैन पुत्र मोहम्मद खलील को सांभर जयपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस उप अधीक्षक प्रहलाद राय ने बताया कि अंतर्राज्यीय गैंग के गिरफ्तार किए गए चारों नकबजनों के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में करीब दर्जनभर नकबजनी के मामले दर्ज है और कई थानों में वांछित है। गिरफ्तार किए गए नकबजनों ने पुलिस की कडी पूछताछ में बीदासर, सांडवा, सुजानगढ़, रतनगढ़, लाडनूं, जसवंतगढ़, बीकानेर, नागौर, खेडापा, सांभर, जयपुर सहित कई जगहों पर चोरी व नकबजनी की वारदात करना कबूल किया है। चोरी की घटनाओं से पूर्व दिन में रेकी करना और रात्रि में बंद और सूने मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। गिरफ्तार किए गए नकबजनों से हाल ही में कस्बा बीदासर में हुई सभी चोरियों का खुलासा होने व चोरी कर ले गए माल की बरामदगी होने की शत प्रतिशत संभावना है। अंतर्राज्यीय शातिर नकबजनों को गिरफ्तार करने में थानाधिकारी कैलाश चंद्र यादव की गठित टीम में सहायक उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह, हैड कांस्टेबल पप्पूराम, प्रेमाराम, अविनाश, कैलाशदान, कांस्टेबल संतोष, राजकुमार, मामराज, सुरेंद्र सिंह, रूपाराम, जयवीर, गिरिश, मनोज कुमार, सुंडाराम, लीलाधर, श्रवण कुमार, नोपाराम, कैलाश, रामरतन, कमलेश, कृष्ण गोपाल, भागीरथ, सुभाष, मनीष कुमार व साइबर सैल चूरू के हैड कांस्टेबल भागीरथ मल और कांस्टेबल रवि मीणा की अहम भूमिका रही।

## राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में बीएलए नियुक्ति पर चर्चा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान - जयपुर और जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बुधवार को चूरू उपखंड अधिकारी कार्यालय में चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एसडीएम बिजेंद्र सिंह ने कहा कि राजनैतिक दलों की भागीदारी से निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ होगी। इसके लिए राजनैतिक दल बूथ पर बीएलए नियुक्त करें और मतदाताओं को जागरूक करें। इसी के साथ पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रेरित करते हुए पंजीकरण करवाएं। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूचियों की गुणवता व इसमें शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर राजनैतिक दलों की ओर से बूथ स्तरीय अभिकर्ता की नियुक्त किए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। बैठक में बीजेपी से सुरेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नरेन्द्र राठौड़, माकपा से दीपाराम, आईएनसी से असलम खोखर, आम आदमी पार्टी से रमेश ईसराण, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, महेन्द्र सिंह, रजनीश, पूनम आदि उपस्थित रहे।

## 20 और 21को भरा जाएगा शीतला माता का विशाल मेला

### आज होगी विशाल भजन संध्या

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्व हिन्दू समाज शीतलामाता सेवा समिति द्वारा शीतलामाता मेले का आयोजन मन्दिर परिसर में दिनांक 20.10.2025 गुरूवार को जागरण 9.15 से शुरू होगा मेला 21.03.2025 से रात्री 1 बजे से लगातार दो दिनों तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे कुचामन क्षेत्र की 30000 तीस हजार से ज्यादा महिलाएँ शीतला माता की पूजा अर्चना करती है। मेला रात्रि 1 बजे ही शुरू हो जाता है। प्रशासन को निम्न प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए लिखित में सूचनाकर अवगत करवाया गया है। संस्था के आयोजक संरक्षक जुगल किशोर सेवदा, जगदीशप्रसाद माली. चुन्नीलाल सैनी, बजरंगलाल शर्मा, सोहनलाल गुर्जर, डॉ0 विजयकुमार गुप्ता, गोपाललाल जीनगर, बजरंगलाल सेन मोहनरिह, कुंजबिहारी जोशी, राजकुमार गोड, महेंद्र कुमार गोयर , ओमप्रकाश स्वामी, रमेश कुमार सैन, देवीलाल कुमावत, पवन कुमावत ओमप्रकाश कुमावत् राजकुमार भाटी, गुलाबचन्द धनवानी खेताराम सिसोदिया, गोपाललाल अग्रवाल राजेन्द्रप्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष परमेश्वर लाल सोनगरा ,उपाध्यक्ष कमल कुमार जोशी सचिव तरूण कुमार सोनी,कोषाध्यक्ष कमल किशोर गोयर एवं सदस्य रामेश्वर कुमावत, अशोक राणा अशोक भाटी, गौतम शर्मा,पवन अग्रवाल, मोनू सैनी, रमेश सास्यान, जयकुमार सैनी, हीरालाल सैनी, मुकेश मोहनपुरिया अमरचन्द सेन, गणेश कुमावत ,अजय कुमावत, श्यौप्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, सुमित टेलर ,लूणाराम बागडा, रविकान्त स्वामी, रविप्रकाश लखन, रामनिवास सुकरिया मेले में रहकर व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे। मेला प्रभारी कमल कुमार जोशी, व कमल किशोर गोयर द्वारा बताया गया है कि मेले की व्यवस्था बहुत जोर-शोर से चल रही है। इस बार महिलाओं को बहुत ही अच्छी प्रकार की व्यवस्था दी जायेगी। जिसका उललेखन निम्न प्रकार से किया गया है। श्री सर्व हिन्दू समाज शीतलामाता मन्दिर सेवा समिति कुचामन सिटी के द्वारा दी जाने वाली व्यवस्था 1 . सुरक्षा व्यवस्था महिलाओं की सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए संस्था के सभी संरक्षको को रजिस्ट्रर बैज लगाकर एवं सदस्यों को संस्था की रजिस्ट्रर आई डी कार्ड एवं पौशाक में रहकर व्यवस्था करवायेगे ।अगर कोई अन्य व्यक्ति या संस्था के संरक्षक व सदस्य बिना संस्था का बैज एवं आई डी कार्ड व पोशाक के रहकर व्यवस्था में रहते है तो उन्हे पुलिस प्रशासन द्वारा हटाया जा सकता है। 2. लाईन व्यक्त्था भीड को देखते हुए संस्था द्वारा महिलाओं को लाईन व्यवस्था से दर्शन की व्ययस्था रखी गई है। 3 विशेष महिला व्यवस्था सस्था द्वारा विशेष महिला (धात्री, गर्भधात्री, वृद्धावस्था, विकलांग, रोगग्रसित महिला) को विज्ञापन के द्वारा निवेदन किया गया है कि वह सुबह 11 बजे बाद दर्शन करने आवे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।